संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -89 मंगलवार , 30 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# वादी की जाति और धर्म का उल्लेख समाप्त हो

» सुप्रीम कोर्ट ने सभी अदालतों को दिया आदेश...

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को तुरंत अदालती मामलों में वादकारियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा को बंद करने का निर्देश किया है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उनके अधिकार क्षेत्र के तहत उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष दायर किसी भी याचिका में पक्षकारों के ज्ञापन में किसी वादी की जाति या धर्म का उल्लेख न हो।

### वादी की जाति और धर्म का नहीं होगा उल्लेख

पीठ ने कहा कि हमें इस न्यायालय या नीचे की अदालतों के समक्ष किसी भी वादी की जाति/धर्म का उल्लेख करने का कोई कारण नहीं दिखता है। इस तरह की प्रथा को खत्म कर दिया जाना चाहिए। साथ ही कहा, इस अदालत के समक्ष दायर याचिका/कार्यवाही के पक्षों के ज्ञापन में पार्टियों की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं किया जाएगा, भले ही नीचे की अदालतों के समक्ष ऐसा कोई विवरण प्रस्तुत किया गया हो।




### एक मामले की सुनवाई के दौरान फैसला

शीर्ष अदालत ने राजस्थान में एक पारिवारिक अदालत के समक्ष लंबित वैवाहिक विवाद में स्थानांतरण याचिका की अनुमति देते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि पक्षों के ज्ञापन में पति-पत्नी दोनों की जाति का उल्लेख किया गया था।

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को सूचित किया कि यदि नीचे की अदालतों के समक्ष दायर पक्षों के ज्ञापन में किसी भी तरह से बदलाव किया जाता है, तो रजिस्ट्री आपत्ति उठाती है और वर्तमान मामले में, क्योंकि दोनों पक्षों की जाति का उल्लेख अदालत के समक्ष किया गया था, इसलिए उनके पास स्थानांतरण याचिका में उनकी जाति का उल्लेख करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

### तुरंत आदेश का पालन करने का निर्देश

शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि उसके आदेश को तत्काल अनुपालन के लिए बार के सदस्यों के साथ-साथ रजिस्ट्री के ध्यान में लाया जाएगा। पीठ ने कहा, इस आदेश की एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार के समक्ष अवलोकन के लिए रखी जाएगी और कड़ाई से अनुपालन के लिए सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरलों को प्रसारित की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट से आंध्र सरकार को झटका

» चंद्रबाबू नायडू की जमानत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

» अमरावती इनर रिंग रोड घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

» आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका को किया खारिज

» चंद्रबाबू नायडू की जमानत को दी थी चुनौती



**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती इनर रिंग रोड घोटाला मामले में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है।

### आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका को किया खारिज

जज संजीव खाना और जज दीपांकर दत्ता की पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने चंद्रबाबू नायडू को राहत राहत देने वाले 10 जनवरी के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

### क्या है इनर रिंग रोड घोटाला ?

बता दें कि इनर रिंग रोड घोटाला अमरावती राजधानी शहर की मास्टर प्लान से जुड़ा है। आरोप है कि चंद्रबाबू नायडू के कार्यकाल के दौरान अमरावती शहर के मास्टर प्लान, इनर रिंग रोड के संरेखण और प्रारंभिक पूंजी में हेरफेर करने से संबंधित है।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नाटक के विजयपुरा में भूकंप के हल्के झटके




**विजयपुरा (कर्नाटक),29 जनवरी 2024 (ए)।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में सोमवार तड़के विभिन्न स्थानों पर हल्के झटके आने की सूचना मिली।

भूकंप के झटके रात 12.22 बजे और 1.20 बजे विजयपुरा शहर और बसवनबागेवाड़ी तालुक के मनागोली शहर के कुछ हिस्सों में महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.9 दर्ज की गई।ये झटके धरती के पांच किलोमीटर अंदर से आए। भूकंप के चलते लोग अपने घरों से बाहर आ गए और पूरी रात सड़कों पर बिताई। भूकंप के कारण घर में सामान और चीजें अस्त-व्यस्त हो गई। क्षेत्र के लोग भूकंप के झटकों से सावधान हो गए हैं।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित



**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, सभी पक्षों के अनुरोध पर इसे अप्रैल 2024 में फिर से सूचीबद्ध करें। इस बीच,पार्टियां दलीलें पूरी कर लेंगी।

पीठ ने पक्षों से प्रत्येक मामले में तीन पेज की लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। पक्ष सुप्रीम कोर्ट के दूसरे केसों का हवाला दे सकते हैं।

# अरब सागर में भारतीय नौसेना का बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन

### आईएनएस सुमित्रा ने समुद्री लुटेरों से कराया बंधकों को मुक्त

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** अरब सागर में नौसेना की कार्रवाई चल रही है। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील पश्चिम में सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया है। लगभग 17 क्रू सदस्यों वाले ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज एमवी इमान को सोमाली समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था। भारतीय रक्षा अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है।नौसेना के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा की त्वरित प्रतिक्रिया ने अपहृत जहाज और उसके चालक दल की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की।



नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, आईएनएस सुमित्रा, सोमालिया के पूर्वी तट और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती विरोधी अभियानों पर एक ईरानी जहाज ईमान के अपहरण के संबंध में एक संकट संदेश का जवाब दिया। जहाज पर समुद्री डाकू सवार हो गए थे और चालक दल को बंधक बना लिया गया था।

### आईएनएस सुमित्रा ने स्थापित एसओपी के अनुसार की कार्रवाई

विवेक मधवाल ने कहा, आईएनएस सुमित्रा ने जहाज को रोका और नाव के साथ चालक दल की सुरक्षित रिहाई के लिए समुद्री डाकुओं को मजबूर करने के लिए स्थापित एसओपी के अनुसार कार्रवाई की। प्रवक्ता ने कहा, इससे चालक दल के सभी 17 सदस्यों और नाव की सफल रिहाई सुनिश्चित हुई। बाद में जहाज को साफ किया गया और आगे के पारगमन के लिए छोड़ दिया गया।

समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय नौसैनिक जहाजों को किया गया तैनात

मधवाल ने कहा,मिशन ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों पर भारतीय नौसैनिक जहाजों को तैनात किया है जो समुद्र में सभी जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प का प्रतीक है।

# शादी की उम्र पर गठित संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ा

» मई तक रिपोर्ट को दिया जाएगा अंतिम रूप

» चार महीने की अवधि के लिए समय विस्तार मिला

» पहले भी दिया गया कार्यकाल विस्तार

» राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है समिति



**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु को 18 से बढ़ाकर 21 साल करने वाले विधेयक पर विचार कर रही एक संसदीय समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। आगामी 31 जनवरी से शुरू होने वाला संसद का बजट सत्र लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले वर्तमान लोकसभा का आखिरी सत्र है।


समिति अब चार महीने के कार्यकाल विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी जबकि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 दो साल पहले लोकसभा में पेश किया गया था और ऐसे में वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह विधेयक निष्प्रभावी हो सकता है।

चार महीने की अवधि के लिए समय विस्तार मिला

गत 24 जनवरी के बुलेटिन में कहा गया है कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध से संबंधित विधेयक पर विचार के लिए शिक्षा, महिला, बच्चे, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए समय विस्तार दिया है।

# ज्ञानवापी के शिवलिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हिन्दू पक्ष

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** ज्ञानवापी में मंदिर होने की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआई की रिपोर्ट के बाद हिन्दू पक्ष ने नई याचिका दाखिल कर दी है। हिन्दू पक्ष ने कथित शिवलिंग की पूजा को लेकर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। वजूखाने में शिवलिंग जैसी संरचना मिलने के बाद से सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर वो जगह सील है. अब हिंदू पक्ष का कहना है कि कोर्ट एएसआई के डीजी को निर्देश दे कि शिवलिंग के आसपास की दीवार को हटाया जाए और शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए बिना इस वैज्ञानिक सर्वे को अंजाम दिया जाए। दिल्ली ज्ञानवापी परिसर में मिली शिवलिंग जैसी सरंचना के वैज्ञानिक सर्वे की मांग को लेकर हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। ज्ञानवापी में मस्जिद की जगह पर मंदिर होने की 1500 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट हाल ही में एएसआई ने वाराणसी कोर्ट को सौंपी है। इसमें 859 से ज्यादा पन्नों में मंदिर से जुड़े भग्नवाशेषों का जिक्र किया गया है। इसमें 32 ऐसे सबूत दिए गए हैं, जो वहां मंदिर ध्वस्त करके मस्जिद बनाए जाने की बात कहते हैं। एएसआई रिपोर्ट में एक ऐसा पत्थर मिलने की बात भी कही गई है, जिसमें औरंगजेब के शासनकाल में मंदिर को तोड़ने का आदेश साफ तौर पर उल्लिखित है।



## सीजेआई ने वकीलों को सुप्रीम कोर्ट का तौर-तरीका समझाया

### अदालत कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार (29 जनवरी) को कोर्ट-रूम में गलत व्यवहार करने पर एक वकील की जमकर क्लास ली। सीजेआई ने कहा- ये कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं। पहले किसी सीनियर से सीखें कि कोर्ट-रूम में किस तरह से व्यवहार किया जाता है।



दरअसल, अपनी बारी आने के पहले ही एक वकील अचानक से कोर्ट-रूम में खड़ा हो गया और बहस करने लगा। वकील ने कहा कि उसने न्यायिक सुधारों के लिए एक जनहित याचिका दायर की है। वह इस पर तत्काल सुनवाई चाहता है। मामला आज की सुनवाई वाली लिस्ट में नहीं है।

इस पर सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज हो गए। उन्होंने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- कोर्ट-रूम कोई रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं है कि आप आएं और किसी भी ट्रेन में चढ़ जाएं। फटकार के बाद भी वकील अपनी बात पर अड़ा रहा। उसने कहा कि वो न्यायिक व्यवस्था के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसमें सुधार चाहता है।सीजेआई ने वकील से पूछा कि कहां प्रैक्टिस करते हो। वकील ने कहा कि एचसी और लोअर कोर्ट में प्रैक्टिस करता हूं। इस पर सीजेआई बोले कि आप किसी सीनियर एडवोकेट के साथ काम क्यों नहीं करते, जो आपको कोर्ट-रूम के शिष्टाचार और तौर-तरीकों में बारे में सिखाए।




## देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले सिमी पर बढ़ाया गया पांच साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर पांच साल के लिए प्रतिबंध को बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट के जरिए इस बैन को बढ़ाए जाने के आदेश की जानकारी साझा की।

गृह मंत्रालय ने पोस्ट में लिखा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण के तहत स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया को यूएपीए के तहत अगले पांच सालों के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है।

## दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास और झारखंड भवन में ईडी की दबिश

» सीएम आवास की सुरक्षा बढ़ी

» रांची में कांग्रेस ने विधायकों को बुलाया

**नई दिल्ली/रांची,29 जनवरी 2024 (ए)।** ईडी ने सोमवार सुबह सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास और झारखंड भवन में दबिश दी है। सोरेन फिलहाल दिल्ली में ही हैं। वह 27 जनवरी की शाम करीब आठ बजे चार्टर्ड प्लेन से रांची से दिल्ली गए थे। खबर है कि उन्होंने वहां ईडी की कार्रवाई को लेकर अपने वकीलों और विधि- विशेषज्ञों से कानूनी परामर्श किया है।ईडी की इस दस्तक की खबर के साथ ही रांची में सरकार और प्रशासन अलर्ट मोड में है। सीएम आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को रांची पहुंचने को कहा है।राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने अफसरों की आपात बैठक बुलाई है। रांची के एसएसपी ने भी सभी थानेदारों को तलब किया है।



# एक हफ्ते के अंदर देश में लागू हो जाएगा सीएए

### केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर का दावा

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024 (ए)।** केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा है कि सीएए एक हफ्ते के अंदर देश में लागू कर दिया जाएगा। यह बात उन्होंने पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना के काकद्वीप में हुए कार्यक्रम के दौरान कही। वह बोले- मैं मंच से गारंटी दे रहा हूं कि अगले 7 दिनों में सिर्फ बंगाल ही नहीं बल्कि पूरे देश में इस कानून को लागू कर दिया जाएगा।

सीएए को लेकर शांतनु ठाकुर ने पिछले साल दिसंबर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस भाषण का भी जिक्र किया जिसमें अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को देश का कानून बताया था और कहा था कि इसके लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तब सीएए को लेकर लोगों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया था।



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार यह कानून लेकर आई थी। सीएए कानून के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए प्रताड़ित गैर मुस्लिमों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारत की नागरिकता दी जाएगी। यह कानून दिसंबर 2019 में संसद से पास हुआ था।. संसद से पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। हालांकि, इसके बाद कानून के विरोध में देश के अलग-अलग राज्यों में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हुआ था और दिल्ली में भी कई महीनों तक इसे लेकर धरना प्रदर्शन (शाहीन बाग समेत कुछ और इलाकों में) चला था।

वैसे, बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसी सरकार ने 2020 में सीएए के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया था। इस तरह का प्रस्ताव लाने वाला पश्चिम बंगाल चौथा राज्य बन गया था। ममता बनर्जी ने तब घोषणा की थी, बंगाल में हम सीएए, एनपीआर और एनआरसी लागू नहीं होने देंगे।

## अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर को लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा दावा

**अयोध्या,29 जनवरी 2024(ए)।** 500 साल के इन्तजार के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में बने राममंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा हो गई है। इसके बाद से ही श्रद्धालुओं के तांता नहीं टूट रहा है। लाखों की संख्या में लोग रोज रामलला के दर्शन कर रहे हैं।इसी बीच वैज्ञानिकों ने राम मंदिर को लेकर बड़ा दावा किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 2500 साल तक बड़ा से बड़ा भूकंप भी राम मंदिर की बुनियाद को हिला नहीं पाएगा। रुड़की स्थित सीएसआईआर सीबीआआरआई के वैज्ञानिकों ने राममंदिर का अध्ययन करने के बाद कहा है कि यह मंदिर 2500 साल तक भूकंप को झेल सकता है।



## संपादकीय

# विपक्षी गठबंधन में क्या हो रहा है?

**यह** रहस्य है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अंदर क्या हो रहा है। विपक्षी नेताओं की आखिरी बैठक 19 दिसंबर को हुई थी। उसके बाद साइडलाइंस का कुछ बैठकें हुई हैं। 'इंडिया' की आखिरी बैठक में तय किया गया था कि तीन हफ्ते में सीट बंटवारा फाइनल कर लिया जाएगा। ध्यान रहे तीन हफ्ते की यह डेडलाइन भी कई बार की विफलता के बाद तय हुई थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेंगलुरू में हुई दूसरी बैठक के समय यानी जुलाई से ही दबाव डाल रहे थे कि जल्दी सीट बंटवारा किया जाए। ममता ने तो 31 अक्टूबर की डेडलाइन दी थी। लेकिन तीन राज्यों के चुनाव की वजह से तीन महीने से ज्यादा समय तक 'इंडिया' को कोई बैठक ही नहीं हुई। जब कांग्रेस हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में हारी तो आनन-फानन में मीटिंग की एक तारीख तय की, जिसे विपक्षी नेताओं ने खारिज कर दिया। उसके बाद 19 दिसंबर को बैठक हुई, जिसमें तीन हफ्ते की समय सीमा तय की गई। अब उस बैठक के तीन क्या पांच हफ्ते बीत चुके हैं और कहीं भी सीट बंटवारे की बात तय नहीं हुई है। कुछ राज्यों को लेकर शुरुआती बातचीत जरूर हुई है लेकिन फैसला कहीं हो पाया है। उलटे कई राज्यों में बातचीत में बाधा आ गई है, जिसके बाद वार्ता बंद हो गई है। आम आदमी पार्टी के साथ कई दौर की बातचीत हुई लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि पंजाब को लेकर कोई तालमेल नहीं होगा इसी तरह ममता बनर्जी ने कहा है कि पश्चिम बंगाल छोड़ कर वे बाकी जगह तालमेल के लिए तैयार हैं तो सीपीएम ने कहा है कि केरल छोड़ कर बाकी जगह उसे तालमेल करना है। हालांकि इनमें से किसी के साथ अंतिम समझौता नहीं हुआ है।

इसी तरह 19 दिसंबर के बाद हुई एक वर्चुअल बैठक में एक और बहुत अहम फैसला हुआ था। सूत्रों के हवाले से ही खबर आई थी लेकिन खबर पक्की थी कि सभी नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 'इंडिया' का अध्यक्ष बनाने की सहमति दे दी है। उस दिन नीतीश कुमार को लेकर कुछ विवाद भी हुआ और बाद में खुद नीतीश ने संयोजक बनने से मना कर दिया। लेकिन अध्यक्ष का नाम तय कर दिया था। फिर दो हफ्ता बीत जाने के बाद भी अभी तक आधिकारिक रूप से गठबंधन के अध्यक्ष के तौर पर खड़गे के नाम की घोषणा नहीं हुई है। सोचें, जब विपक्षी पार्टियों के नेता अपने गठबंधन का अध्यक्ष नहीं तय कर पा रहे हैं तो उससे नेतृत्व को लेकर आम लोगों में क्या मैसेज जा रहा होगा!


ऐसे ही विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने हर महीने एक बैठक करने का फैसला किया था। लेकिन साढ़े तीन महीने बाद हुई 19 दिसंबर की बैठक के बाद फिर एक महीने से ज्यादा हो गए लेकिन बैठक नहीं हुई है। मुंबई की बैठक में एक सितंबर को तय हुआ था कि विपक्ष की साझा रैली होगी। पिछले दिनों की बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे के हवाले खबर आई थी कि आठ साझा रैलियां होंगी। लेकिन अभी तक एक भी रैली की घोषणा नहीं हुई है। मुंबई की बैठक के बाद भोपाल में साझा रैली प्रस्तावित थी, जिसे चुनाव की वजह से कमलनाथ ने रद्द कर दिया था। उसके बाद से विपक्ष के सभी नेताओं के एक मंच पर आने का इंतजार हो रहा है।

## बचपन की यादें



**जिंदगी** के सफर मे सबसे प्यारा सफर बचपन का होता है। अगर कोई पूछे क्यो? क्या खास होता है? तो इसके जबाब में कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योकि ये वो पल होता है जब बच्चा कुछ नहीं जानता है सिर्फ माँ-बाप और दादा-दादी के प्यार, दुलार मे पलता रहता है। एक छोटा सा बच्चा दिन भर बड़ो के गोद मे बैठकर प्यार पाता,और रात मे माँ से लोरी सुनकर सो जाता हैं। और जैसे जैसे बच्चा बड़ा होता है हर रोज उसके पिता उसे स्कूल के लिए तैयार करते हैं, माँ खाना बनाकर उसे अपने हाथ से खिलाती और फिर पिता के संग स्कूल जाता-आता, स्कूल से आने के बाद दादी के साथ बैठकर खाना खाता और दादा संग शाम को घूमने जाता है और बाजार से खिलौना खरीदता। फिर घर आकर उस खिलौना से खेलता। पिता जब रात में आते तो बच्चे को प्यार,दुलार करते और साथ मे खाना खिलाते और रात मे दादी के पास सोते और उनसे मजेदार कहानियाँ सुनते सुनते सो जाते। क्या ऐसी बचपन हम दोबारा कभी जी पाते हैं नहीं समय के बाद हम बड़े हो जाते हैं, फिर कोई गोद मे ना उठाता, मुँह में खाना ना कोई खिलाना, हम माँ से लोरी नही सुन पाते और ना ही दादी से कहानियाँ सुन पाते इसलिए तो कहते हैः-

बचपन की यादें,
होती हैं बहुत खास,
दादा-दादी की कहानियाँ,
होती हैं बहुत खास,
सिखाती है लाखों बाते,
मस्ती-मजा मे,
इसलिए होती हैं
बहुत खास
ये मेरे बचपन का
किस्सा है,
मेरी जिंदगी की
हिस्सा हैं।



मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जरूरत है एक और गांधी की



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

**इतिहास** में अपने आप में यह एक पहला उदाहरण है कि महात्मा गांधी ने देश के सभी समुदायों तथा क्षेत्र के लोगों को इकट्ठा करके शांतमई ढंग से अंग्रेजों से देश को आजाद कराया। अन्यथा संसार के अलग-अलग देशों में खून खराबा किए बिना सत्ता परिवर्तन नहीं होता। महात्मा गांधी एक बैरिस्टर थे अगर वह चाहते तो अपना जीवन ठाठ से बिता सकते थे लेकिन उन्होंने देश हित में सब कुछ त्याग दिया, देश को आजाद कराने के लिए लोगों को में स्वतंत्रता प्राप्त करने की भावना को जागृत किया। देश आजाद कराने में कांग्रेस तथा कई और राजनीतिक दलों का योगदान भी रहा है। अनेक लोगों ने अनेक प्रकार की कुर्बानियां दीं, फांसी के फंदे को चूमा, काले पानी की सजा भुगती। महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन, स्वदेशी आंदोलन, भारत छोड़ो आदि तरीके इस्तेमाल किये। सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद सेना का गठन करके अंग्रेजों से टक्कर लेने का काम भी किया। अंततः 15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद हुआ। महात्मा गांधी सभी धर्मों की इज्जत करते थे, उनका प्यारा भजन....ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दे भगवान... आज भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न अवसरों पर गाया जाता है। महात्मा गांधी जात पात में विश्वास नहीं रखते थे। इसी बात को लेकर उन्होंने एक समाचार पत्र...हरिजन...भी निकाला,जिसमें उन्होंने छूत-छात, हरिजनों के प्रति सहानुभूति दिखाने की बात कही। महात्मा गांधी ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने के पक्ष में थे। बेरोजगारी को दूर करने के लिए उन्होंने खादी तथा ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने की वकालत की। वह विदेशों पर निर्भर रहने के बदले में स्वदेशी लहर के पक्ष में थे अर्थात वह विदेशों पर निर्भर नहीं रहना चाहते थे। वह शांति के पुजारी थे। साधारण जीवन तथा उच्च विचार में विश्वास रखते थे। उनका यह मत था कि राजनीति जन सेवा का एक माध्यम है। उन्होंने अपना सारा जीवन एक लंगोटी में इसलिए बिता दिया क्योंकि उनका यह मानना था कि जब देश में अनेक गरीब लोगों के तन पर कपड़ा नहीं फिर मैं कपड़े कैसे पहन सकता हूं। महात्मा गांधी के बारे में यह बात प्रचलित है कि उनके तीन बंदर थे जिन्होंने आंख, कान तथा मुंह पर हाथ रखा हुआ था जिसका मतलब यह है कि महात्मा गांधी बुरा देखने, बुरा सुनते तथा बुरा कहने में यकीन नहीं रखते थे। दिल्ली में राजघाट में उनकी समाधि बनी हुई है। संसद भवन में भी उनकी बड़ी मूर्ति बनी हुई है जो कि उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा विचारों का द्योतक है। विभिन्न देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाएँ स्थापित की गई है जो कि लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

महात्मा गांधी के बारे में इतना कुछ जानने के बाद अब हम यह देखना चाहेंगे कि आज का भारत महात्मा गांधी के सपनों का भारत है या नहीं। इसमें कोई शक नहीं कि आज हम आजाद हैं और देश का शासन चलाने के लिए हमारा अपना संविधान है। लेकिन अगर देखा जाए तो महात्मा गांधी तथा देश के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने जो सोच कर देश के लिए कुर्बानियां दी थी आज का भारत वैसा भारत बिल्कुल नहीं है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने देश का ऐसा हाल कर रखा है कि अगर महात्मा गांधी तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानी आज जीवित होते तो देश की दुर्दशा देखकर उनको अपनी कुर्बानिया पर अफसोस होता। महात्मा गांधी जात-पात के खिलाफ थे लेकिन आज के हमारे विभिन्न राजनीतिक दल जात-पात की राजनीति के आधार पर लोगों को बांटकर वोट बटोरने में लगे हुए हैं। विभिन्न धर्मों में भेदभाव पैदा करके उन में दंगे फसाद करवा रहे हैं और वोटो की राजनीति कर रहे हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय नेता कम हैं,हिंदू नेता, मुस्लिम नेता, दलित नेता,आदिवासी नेता आदि ज्यादा है। ऐसे में देश में एकता तथा अखंडता कैसे रह सकती है। हमारे देश के राजनेता राजनीति को जन सेवा का एक साधन न समझ कर सत्ता प्राप्ति का एक साधन समझने लगे हैं। देश जाए भाड़ में, उन्हें सिर्फ अपनी कुर्सी तक मतलब है। सत्ता पर कब्जा होना चाहिए। लोगों में फूट पड़ती है, पड़ने दो, हिंसा होती है, होने दो, जैसा विकास देश में होना चाहिए, नहीं होता, कोई बात नहीं। बस कुर्सी सलामत रहनी चाहिए। उसके लिए चाहे साम, दंड ,भेद कोई तरीका अपना ना पड़े कोई फर्क नहीं पड़ता। नैतिकता, गरिमा, मर्यादा आदि का उल्लंघन होता है कोई बात नहीं। संविधान की अवमानना होती है, कोई बात नहीं। कुर्सी सलामत होनी चाहिए। महात्मा गांधी साधारण जीवन और उच्च विचारों में विश्वास रखते थे। आज देश में एक भी ऐसा नेता नहीं है जो महात्मा गांधी के इन विचारों के ऊपर चलता हो। महात्मा गांधी स्वदेशी आंदोलन के सहारे अंग्रेजों से देश आजाद करने में सफल हुए। लेकिन आज हमने अपनी आवश्यकताएं इतनी बढ़ा ली हैं कि देश में विकास के बावजूद भी हम विदेशों पर बहुत मामलों में निर्भर रह रहे हैं। यह ठीक है कि विदेशों से सहायता लेकर भी विकास किया जा सकता है लेकिन अगर विदेशों से लिया हुआ कर्ज जीडीपी के बराबर होने लगे तो वह तो देश की बुरी आर्थिक स्थिति का चिन्ह माना जाएगा। आज हमारे देश में बेरोजगारी,कीमतों में वृद्धि,भ्रष्टाचार, कुपोषण,महिलाओं का शोषण,कृषि की अवहेलना, बड़े-बड़े कॉर्पोरेट का फलना फूलना, आम आदमी की आमदनी का कम होना आदि बातें कभी भी महात्मा गांधी के विचारों का हिस्सा नहीं थी जबकि वह भारत को अंग्रेजों से आजाद कराने का आंदोलन चला रहे थे। यू महात्मा गांधी के नाम पर विभिन्न राजनीतिक दल लोगों को बेवकूफ बनाकर वोट तो मांगते हैं, विभिन्न राजनीतिक दल सरकार के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए राजघाट पर जाकर धरना और प्रदर्शन भी करते हैं, परंतु उनमें से कोई भी अहिंसा, शांति, नैतिकता, संयम, साधारण जीवन, समरसता आदि में यकीन नहीं रखता। भारत में 15 अगस्त और 26 जनवरी सरकारी कार्यक्रम बनकर रह गए हैं। अधिकांश लोग उन स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में नहीं जानते जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व लुटा दिया। राजनीतिक दल सभी के हित की बात तो करते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि अपने-अपने दल के लोगों को उच्च पदों पर आसीन करके अपनी कुर्सी भविष्य के लिए पक्की करते हैं। महात्मा गांधी ने कभी भी ऐसा नहीं चाहा था। महात्मा गांधी कृषि, लघु तथा ग्राम उद्योग का विकास करने के पक्ष में थे जबकि आज की सरकार बड़े-बड़े उद्योगों का विकास कर रही है, आर्थिक नीतियां ऐसी बनाई जा रही हैं कि और अमीर हो जाए और गरीबों की स्थिति में कोई सुधार न हो। विभिन्न धर्म के लोगों में भेदभाव इतने बढ़ गए हैं कि वो एक दूसरे को शक की नजर से देखते हैं। ऐसे में देश को एक और गांधी की आवश्यकता है जो कि आजादी से पहले वाले महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर सके। देश में लोग धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा आदि को भूलकर भाईचारे से एक दूसरे के साथ रहकर अपना काम धंधा करके रोटी, कपड़ा और मकान की समस्या को हल ही ना कर सके बल्कि आत्मनिर्भर भी हो।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# विपक्ष के आकुल लपोरी लालों की ना-लायकी

**विपक्षी** दलों को एकमंचीय करने और उन्हें एकाकार बनाए रखने की प्रक्रिया अगर सोनिया की सीधी रहनुमाई में चली होती तो इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों की संख्या 28 से कहीं ज़्यादा होती। मैं अपनी प्रामाणिक निजी जानकारी के आधार पर कह रहा हूं कि ठोस सियासी जनाधार रखने वाले कई राजनीतिक दल अभी भी ऐसे हैं, जो न दस-बीस बरस के लिए समूचे विपक्ष से उठ जाएगा।

समूचे यानी समूचे। अगर अखिल भारतीय उपस्थिति वाले किसी विपक्षी राजनीतिक दल को यह ख़ामख़्याली हो कि लोग सिर्फ़ क्षेत्रीय दलों के ख़ामख़्वाह विराट हो गए बौने क्षत्रपों को इस पाप का भागी मानेंगे और इस से अंततः एक दिन आएगा कि उस की नहीं हो रहा होता तो हर जगह साझा प्रत्याशी खड़े करने के बावजूद लोकसभा चुनाव में उसे जो भी डेढ़-दो सौ सीटें मिलतीं, कम-से-कम इज़्ज़त से तो मिलतीं। इन दिनों चल रहे प्रहसन के बाद तो केंद्र में विपक्ष की सरकार भी बन जाए तो वह अगर-मगर-किंतु-परंतु के चीथड़ों में ही लिपटी दिखाई देगी।

मैं अब भी यह तो नहीं कहूंगा कि कांग्रेस



इधर हैं, न उधर और जिन्हें मलाल है कि इंडिया-समूह की तरफ़ से उन से क़ायदे के किसी व्यक्ति ने संपर्क ही नहीं किया। नरेंद्र भाई मोदी हम पर राज करने के कितने लायक हैं, कितने नहीं, इस पर तो बात तब करें, जब विपक्ष अपनी ना-लायकी से बाज़ आए। वे सब, जो नरेंद्र भाई के एकलखुरेपन से निज़ात चाहते हैं, आख़िर किस प्रतिस्थापन के भरोसे अपनी हड्डियों का दान करें? 28 राजनीतिक दलों के उस इंडिया-समूह के सहारे, जिस में ख़ुद ही सब एक-दूसरे का सहारा नहीं बन पा रहे हैं? जो दमड़ी के चक्कर में अपनी चमड़ी गंवाने को अक़्लमंदी समझ रहा है? जिस के अश्वमेधी रथ के तमाम दिग्गज अपने को एक-दूसरे से बड़ा लपोरीलाल साबित करने में लगे हुए हैं?

दिग्गज,दिग-गज होते हैं। हमारे पुराण कहते हैं कि दिग-गज वे आठ हाथी हैं, जो आठों दिशाओं में पृथ्वी की रक्षा के लिए स्थापित किए गए हैं। पूर्व में ऐरावत, पश्चिम में अंजन, उत्तर में सार्वभौम और दक्षिण में वामन। इन के अलावा पूर्वदक्षिण कोने में पुंडरीक, दक्षिणपश्चिम में कुमुद, पश्चिम-उत्तर कोने में पुष्पदंत और उत्तरपूर्व कोने में सुप्रतीक। इंडिया-समूह के दिग्गजों नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी, सीताराम येचुरी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार और मल्लिकार्जुन खड़गे में से मुझे तो ज़्यादातर ऐसे लगते हैं, जो विपक्षी-पृथ्वी की रक्षा में कम, अपनी-अपनी दिशाओं का द्वारपाल बने रहने के लिए ज़्यादा आतुर दिखाई दे रहे हैं।

तो ऐसे में सिंहासन को हर हाल में, हर हथकंडा अपना कर, अपने क़ब्ज़े में बनाए रखने को व्याकुल नरेंद्र भाई के प्रतिकार के लिए, हम पिद्दी-पिद्दी आकांक्षाओं को मुट्ठीबंद करने के लिए उतने ही आकुल चेहरों पर, अपना सर्वस्व कैसे उंडेल दें? ख़ुद की साख़ पर ख़ुद ही बट्टा लगाने में लगे इंडिया-समूह के कुछ सूत्रधारों की सियासी कामवासना का ओछापन देख-देख कर मैं तो पिछले कुछ दिनों से अवसन्नता के सागर में डूब-उतरा रहा हूं। मुझे चिंता इन चिरकुटी-चेहरों की नहीं, इस बात की है कि अगर सकल-विपक्ष के एकमंचीय होने का यह मौजूदा प्रयास नाकाम रहा तो भारवासियों का विश्वास आने वाले झोंपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे तो दिमाग़ के ये जाले साफ़ होने में देर नहीं लगेगी। लोग मानते हैं कि विपक्ष की जाज़म पर जिस की जितनी हिस्सेदारी है, उस की उतनी ही ज़िम्मेदारी भी है। भारतीय समाज में छोटों की तो बड़ी ख़ताएं भी माफ़ हो जाया करती हैं, मगर बड़ों की छोटा-सा क़ुसूर भी उन के लिए बरसों का नासूर बन जाता है। सो, ऐसा कभी नहीं होने वाला है कि विपक्षी मंडलेश्वरों से निराश लोग इसलिए किसी महामंडलेश्वर की शरण में चले जाएंगे कि उस के सिर पर ज़रा बड़ा और दैशिक छत्र तना हुआ है। विश्वास के संकट का सैलाब आएगा तो सब-कुछ अपने साथ बहा ले जाएगा।

इवीएम के बटन नरेंद्र भाई मोदी की उंगलियों के इशारे पर नाचते हैं या नहीं, मुझे नहीं मालूम। अगर नाचते हैं, इसलिए वे दस साल से हमारे कंधों पर सवार हैं तो उन की इस बैताली को सलाम कीजिए। अगर नहीं नाचते हैं, फिर भी वे दस बरस से लगातार चुनावी समर्थन की सीढ़ियां दौड़-दौड़ कर चढ़ रहे हैं तो उन के परिश्रम और ऊर्जा का अभिनंदन कीजिए। दोनों ही स्थितियों में नरेंद्र भाई के गले से जयमाला निकालने के लिए क्या किसी के पास कोई जुगत है? उन की बैताली का तोड़ पहले तो आप लाएंगे कहां से और अगर ले भी आए तो आप की गुहार सुनने वाले कान कहीं हैं क्या? उन की मेहनत और जोश का पहले तो कोई जवाबी पोस्टकार्ड आप के पास है नहीं और अगर यह ख़त आप ने रच भी लिया तो उसे यार-ए-बाम तक ले जाने वाले कबूतर कहीं हैं क्या? दस-बीस साल से अपनी सियासी टोलियों में जिन्होंने लिपिक भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियां की हैं, वे रातोंरात पैदल सैनिकों को कैसे जन्म दे देंगे?


इसलिए नीतीश कुमार अगर बीच-बीच में अपना मटमैलापन नहीं भी दिखाते, ममता बनर्जी कोप भवन के भीतर-बाहर नहीं भी हो रही होतीं, अरविंद केजरीवाल फूफागिरी नहीं भी कर रहे होते और अखिलेश यादव के क़दम गाहे-ब-गाहे नहीं भी लड़खड़ा रहे होते तो भी क्या इंडिया-समूह 2024 की गर्मियों में रायसीना पर्वत पर अपना ध्वज वंदन कर लेता? शायद नहीं कर पाता। मगर अगर यह बेसुरा कमरमटक्का एक बड़ा मौक़ा पूरी तरह चूक गई है। लेकिन यह ज़रूर है कि वह एक अहम अवसर खो रही है। मुट्ठी से फिसल रही रेत को थामने की संजीदा कोशिश अगर वह आज से भी आरंभ कर दे तो इंडिया-समूह बदशक्ल होने से बच सकता है। मुझे नहीं पता कि कांग्रेस ने इंडिया-समूह के अंतर्विरोधों के तानेबानों को सुलझाने में शुरू से इतनी उदासीनता क्यों बरती? क्या जानबूझ कर? क्या नादानी में? क्या अति-आत्मविश्वास के चलते? क्या लिपिकों की मूढ़ सलाहों के चलते? क्या आगत के आसार बेहद धुंधले देख कर? क्या यह सोच कर कि ऐसे-ऐसे मेंढकों को तोलने वाली तराज़ू वह लाए कहां से?

जो भी हो। हालांकि यह काम छह महीने पहले से ही होना चाहिए था, मगर मैं आश्वस्त हूं कि आज भी अगर इंडिया-समूह की एकीकरण-डोरियां सोनिया गांधी के पल्लू में बांध दी जाएं तो पूरा दृश्य ही बदल जाएगा। कोई नीतीश, कोई ममता, कोई केजरीवाल, कोई अखिलेश, सोनिया के नेकनीयत और पारदर्शक उपक्रम के तंतु तोड़ने का पाप करने से पहले कई-कई बार सोचेगा। विपक्षी दलों को एकमंचीय करने और उन्हें एकाकार बनाए रखने की प्रक्रिया अगर सोनिया की सीधी रहनुमाई में चली होती तो इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों की संख्या 28 से कहीं ज़्यादा होती। मैं अपनी प्रामाणिक निजी जानकारी के आधार पर कह रहा हूं कि ठोस सियासी जनाधार रखने वाले कई राजनीतिक दल अभी भी ऐसे हैं, जो न इधर हैं, न उधर और जिन्हें मलाल है कि इंडिया-समूह की तरफ़ से उन से क़ायदे के किसी व्यक्ति ने संपर्क ही नहीं किया। सो, कोई माने तो ठीक, न माने तो ठीक, सच्चाई यही है कि नरेंद्र भाई को सच्चे मन से टक्कर देने का थोड़ा भी जज़्बा अगर विपक्ष में बन जाए तो, जीत-हार छोड़िए, भारतीय जनता पार्टी की चूलें तो बुरी तरह हिल जाएं। राजनीति भले ही गणित हो, लेकिन वह दौड़ती तभी है, जब सोच-समझ वाले इतना समझ लें कि दो और दो का अर्थ हमेशा चार नहीं होता है। कुछ क़दम बिना हिसाब-क़िताब लगाए भी जब कोई चलने को तैयार होता है, मंज़िलें तभी क़रीब आती हैं।

**-पंकज शर्मा-**

# जीवन मे लक्ष्य प्राप्ति और सफलता के लिए सटिक योजना और रणनीति आवश्यक

## संकल्प संयम और अनवरत श्रम सफलता के सूत्र



संजीव ठाकुर
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़


**किसी** भी लक्ष्य को पाने के लिए सही योजना परिकल्पना तथा रणनीति अत्यंत आवश्यक है। अपने लक्ष्य के अनुसार अपनी क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकताएं सुनियोजित कर लेनी चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपके पास उपलब्ध समय की गणना आवश्यक रूप से कर ले, अन्यथा अपने टारगेट से इधर उधर भटक सकते हैं- ऐसी स्थिति में मन को एकाग्र रखकर आत्मविश्वास को द्विगुणित कर के एकाग्रता को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। सर्वप्रथम आप अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानिए एवं लक्ष्य की तरफ एक-एक सोपान धीरे-धीरे बढ़ाते जाएं, लक्ष्य के स्वरूप और छोटा या बड़ा होने की मन में कल्पना न करें। लक्ष्य हमेशा लक्ष्य होता है छोटा बड़ा नहीं, इसके लिए बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति के उपायों को मन ही मन तय करें एवं प्राथमिकता के आधार पर उसकी धीरे-धीरे तैयारी करना शुरू करें। सफलता के लिए अपने संसाधन सुनिश्चित करने के पश्चात एक सुनियोजित योजना बनाकर समय की प्रतिबद्धता के हिसाब से धीरे-धीरे आगे की ओर अपने कदम सुनिश्चित करें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए जो सबसे बड़ा शस्त्र है वह समय का सदुपयोग,क्योंकि हम सभी को मालूम है कि हमारे पास दिन में सिर्फ 24 घंटे ही उपलब्ध होते हैं। इसमें हमें दैनिक दिनचर्या शारीरिक एवं मानसिक शक्ति प्राप्त करने के लिए समय निकालने की आवश्यकता होगी। ऐसे में समय का समुचित उपयोग एक सफल नियोजन कर्ता की तरह किया जाना चाहिए। उपलब्ध समय में उचित समय पर उठना स्नान,ध्यान, भोजन एवं मानसिकता दृढ़ता के लिए समुचित नींद या निद्रा की अत्यंत आवश्यक होती है। **किसी ने सच कहा है,मन के हारे हार है और मन के जीते जीत।** यदि आपको जीवन में जीत या सफलता प्राप्त करनी है तो आप मानसिक दृढ़ता के साथ आप आत्मविश्वास से लबरेज यानी ओतप्रोत होने के लिए तैयार हो जाए। लक्ष्य छोटा हो या बड़ा घबराने की आवश्यकता नहीं है,क्योंकि मनुष्य का मस्तिष्क ही सोच के हिसाब से सफलता लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्षम होता है। काम करने से पहले ही यदि आप आधे मन से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे तो सफलता प्राप्त होने में संदेह ही नहीं सारी परिस्थितियां संदिग्ध हो जाती है। लक्ष्य की दूरहता या क्लिष्टता का पूर्वानुमान अपनी सफलता की तैयारी के पूर्व ही कर लिया जाना चाहिए और इन सब के लिए सुनियोजित रणनीति या कार्य योजना तैयार कर उस लक्ष्य की तरफ रुख किया जाना चाहिए।

अपनी प्राथमिकताओं में सर्व प्रथम स्थान नींद का होना चाहिए, सही वक्त पर पूरी नींद ही शरीर को चुस्त-दुरुस्त और सजग रखती है। अतः दिन में मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए संपूर्ण 6 से 8 घंटे नींद ले लेनी चाहिए, जिससे मानसिक चुस्ती आने के साथ कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। अन्यथा आपका किसी कार्य में समुचित मन लगना संदिग्ध होगा। इसी तरह आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिनचर्या के कार्यों को या तो अच्छे से याद कर ले या उसे कॉपी या डायरी में अच्छी तरह लिख कर रखें और रोज ही अपने लिखे हुए कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करें अपने कार्य को प्राप्त करने के लिए होमवर्क किया जाना होगा। सफलता की प्राप्ति के लिए दिन के लक्ष्य को कागज पर उतार कर उससे जुड़ी हुई विषमताओं एवं चुनौतियां को लिखकर चुनौतियों के समाधान को भी अपने मस्तिष्क में स्थापित कर लेना चाहिए। जिससे यह आपको सुनिश्चित हो जाएगा कि आप लक्ष्य की कठिनाइयों को किस तरह दूर कर पाएंगे और इनका निदान किस तरह किया जा सकेगा। कई बार ऐसे अवसर आएंगे जब आपका आत्म विश्वास आपकी उर्जा एवं शक्ति डगमगाने लगेगी,ऐसे मौके या तो आपकी शारीरिक कमजोरी,मानसिक शिथिलता,सामाजिक,पारिवारिक परिस्थितियों एवं काल के कारण आपके सम्मुख आ सकती है। इन परिस्थितियों में मनुष्य को लगने लगता है कि उनकी मेहनत और लक्ष्य अनायास व्यर्थ हो गई हैं।, बस ऐसे ही समय में आपको अपने मस्तिष्क मे से नकारात्मक विचारों और सोच को दूर रख कर मनन कर आत्मविश्वास के साथ दूर कर आगे की ओर अग्रसर होना है। यही समय है जब आपको अपने आप को संतुलित कर आगे की ओर ले जाना है,और सबसे अहम एवं महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि लक्ष्य प्राप्ति के दौरान आप नकारात्मक यानी कि नेगेटिव वातावरण एवं इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्तियों से दूर रहकर मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा भरकर आत्मविश्वास से लबालब होना है। इस तरह आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर पूरी ऊर्जा और सामर्थ्य के साथ प्राप्त करने के लिए अग्रसर होंगे, लक्ष्य प्राप्ति के साधनों तथा उससे जुड़े हुए समर्थ व्यक्तियों की तलाश में भी आपको सतत रहना होगा यदि आप प्रतियोगिता परीक्षा और उसकी सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो ऐसे व्यक्तियों को सदैव बुद्धिमान एवं मेहनती अध्येता के साथ विचार विमर्श करना चाहिए एवं लाइब्रेरी या पुस्तक विक्रेताओं से सर्वश्रेष्ठ ज्ञानार्जन के लिए किताबों का संग्रह किया जाना चाहिए या किसी का अन्य लक्ष्य हो तो सदैव उसे समय की उपयोगिता तथा उसकी सार्थकता पर जरूर ध्यान केंद्रित कर सफल व्यक्तियों का अनुसरण किया जाना चाहिए तभी सफलता उनके कदम चूमेगी और सफलता का एक ही सूत्र एवं रहस्य है कि अपने मस्तिष्क की प्रबलता बनाए रखें जाने के साथ कड़ी मेहनत भी करें, तब जाकर सफलता व्यक्ति के कदम चूमती है।



प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बापू जी को याद करें



अपना सारा जीवन
उन्होंने राष्ट्र को दिया
इसलिए वह राष्ट्रपिता महात्मा कहलाया
उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करें
आओ राष्ट्रपिता बापू जी को याद करें।
आजादी के लिए अंग्रेजों से खूब लड़े
अहिंसा के बल पर गोरो से वह भिड़े
फिर भारत गुलाम न हो ये प्रयास करें
आओ राष्ट्रपिता बापू जी को याद करें।
उनका सपना था
अपना हो स्वच्छ भारत
इसलिए वह करते रहे
कोशिश अनावरत
उनके सिद्धांतों पर
चलने का प्रयास करें
आओ राष्ट्रपिता बापू जी को याद करें।
अस्पृश्यता को दूर
भगाने का कार्य किया
स्वदेशी वस्तु को
अपनाने का संदेश दिया
बापू जी से प्रेरणा
लेकर हम भी कुछ करें
आओ राष्ट्रपिता बापू जी को याद करें।
भारत छोड़ो आंदोलन उन्होंने चलाया
अंग्रेजों को भारत
छोड़ने पर मजबूर किया
पुण्यतिथि पर बापू जी का सत्कार करें
आओ राष्ट्रपिता बापू जी को याद करें।



श्याम सुंदर साहू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गजब दुनियां के दस्तूर हे

गज़ब ये दुनिया हे,
अउ गज़ब दस्तूर हे।
इंहा,पखरा बर शरधा हे,
अउ मैनखे बर क्रूर हे।
गज़ब ये......
देश बिदेश,तीरथ धाम,
अड़बड़ घूमे बर जावथे।
अउ खरचा ला थोड़को,
हिसाब घलो नई लगावत हे।
पर,दाई-ददा के गांव हा,
ओखरे मन बर बड़ दूर हे।
गज़ब ये दुनियां......
घर के सियान मन,
तरसत हे,बने खाय बर,
मने मन घबरावत हे,
अपन लालच ला बताय बर।
पर भोग मा चढ़ाय बर,
मीठई अउ मोतीचूर हे।
गज़ब ये दुनियां.....
पारटी मनावत हे,
घर अउ बाहर मा घेरी-बेरी।
पइसा ला उड़ाके,
देखावत फिरत हे दिलेरी।
परिवार के नता मन,
लचार अउ मज़बूर हे।
गज़ब ये दुनिया.....




जीवन चन्द्राकर लाल
गोरकापार,गुंडरदेही
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कमी

रात-दिन ढूंढता हूं
दिन और रात में खोजें
इसी गति में वह गतिमान है
हमारा जीवन आगे बढ़ रहा है
तुम्हारे बीच कितने लोग समझते हैं?
मैं यह नहीं जानता
कभी-कभी आपको
दिन-रात काम करना होगा...
क्या करें ? हमारा जीवन
न दिन दिखता है न रात
हालाँकि आय के लिए
लिए गए ऋण के लिए
फिल्टर करने के लिए
हमारा जीवन
कम आपूर्ति में है



ओत्तेरी
सेल्वा कुमार
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप कराने से नाराज दोस्त ने ही कर दी 8वीं के छात्र की हत्या,गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे के किनारे एक घर के पीछे खेत में 8वीं कक्षा के छात्र की लाश रविवार की सुबह पड़ी मिली थी। छात्र की हत्या की गई थी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ एडिशनल एसपी, सीएसपी और फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। पुलिस ने कुछ घंटे के भीतर ही हत्या की सुलझाते हुए मृतक के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप कराने से नाराज आरोपी ने रस्सी से गला घोंटकर शनिवार की रात उसकी हत्या की थी। इसके बाद शव को कंधे पर लादकर फेंक दिया था।



अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे क्रमांक-130 पर स्थित बंजारी मोहल्ले में रविवार सुबह विनोद गुप्ता के घर के पीछे 8वीं कक्षा के छात्र का शव औंधे मुंह पड़ा मिला था। पुलिस ने लाश की शिनाख्त बंजारी निवासी आशीष लकड़ा पिता करमा लकड़ा उम्र (16) वर्ष के रूप में की गई थी। शव पर चोट के निशान मिले थे। शुरुआती जांच में पता चला कि आशीष लकड़ा अपने पिता करमा लकड़ा के साथ रह रहा था। शनिवार को वह स्कूल से लौटा, इसके बाद उसे किसी ने नहीं देखा था। रविवार की सुबह खेत में लाश मिली थी। फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजूर ने छात्र की हत्या की आशंका जताते हुए हत्या कहीं और कर शव यहां फेंके जाने की बात कही थी। शव औंधे मुंह पड़ा मिला था तथा दाईं आंख के पास चोट के निशान व कमर पर भी घसीटे जाने के निशान मिले थे।

### ब्रेकअप कराने से था नाराज

पुलिस ने छात्र का शव मिलने के कुछ घंटे के भीतर ही मृतक के एक दोस्त वीरेंद्र कुमार नागवंशी उर्फ़ लादेन पिता कुलदीप मुंडा उम्र 18 वर्ष 3 माह निवासी बंजारीपारा लक्ष्मीपुर थाना मणीपुर को गिरफ्तार किया। उसने छात्र के जैकेट में लगे टोपी की रस्सी से उसका गला दबाकर हत्या की बात स्वीकार की। आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मृतक आशीष लकड़ा ने अपने अन्य 2 दोस्तों के साथ मिलकर गर्लफ्रें ड से उसका ब्रेकअप करा दिया था। इस बात को लेकर वह उससे रंजिश रखता था। शनिवार की रात वह आशीष से मिला और दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। इसके बाद टोपी की रस्सी से उसका गला दबाकर मार डाला। कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल,उप निरीक्षक प्रेम सागर खुटिया,सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय,सहायक उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे,बबलू कुजूर, ललन प्रसाद गुप्ता,प्रधान आरक्षक मेहश्वर सिंह,भोजराज पासवान, विपिन तिवारी,आरक्षक अतुल शर्मा,सत्येंद्र दुबे,अमित विश्वकर्मा,विकाश सिंह,संजीव चौबे,जितेश साहू,कुश कुमार सोनी,सुरेश कुमार,इम्तियाज अली, प्रताप सिंह,सैनिक दिनेश यादव शामिल रहे।

# वाटर पोलो खिलाड़ी अभिजीत राज को सीएम ने किया सम्मानित



- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

शहर के वाटर पोलो खिलाड़ी उभरते तैराक अभिजीतराज सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। कोरबा में आयोजित अंडर-19 बालक वाटर पोलो 2023 में कांस्य पदक जीतने के बाद राष्ट्रीय वाटर पोलो में चयनित होने पर लिया मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद दी और सम्मानित किया। इस अवसर पर रविकांत मिश्रा,जेपी यादव,तुलसी कौशिक,प्रदीप सोनी, संजीव सेठ, गौतम विश्वकर्मा, अम्बिकेश स्वर्णकार सहित अंकित पांडेय उपस्थित रहे।

# ध्वनि विस्तारक यंत्र पर नियंत्रण हेतु आजाद सेवा संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन




- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

सीजीबीएससी 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा फरवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू हो आ जायेगी। वहीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा भी मार्च अप्रैल में आयोजित होगी। प्रतियोगी परीक्षा जैसे सीजीपीएससी एवं विश्वविद्यालयों की भी परीक्षाएं होंगी। जिसको लेकर बहुत से छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई में संलग्न हो चुके हैं एवं गंभीरता पूर्वक अपने भविष्य को देखते हुए तैयारी में लगे हैं। परंतु इसी बीच शादी विवाह का सीजन भी है। जहां डीजे स्पीकर इत्यादि ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा रहा है। देर रात तक तेज ध्वनि में बजाया जाता है। जिससे छात्रों की पढ़ाई में रुकावट होगी एवं वे परीक्षा की सही से तैयारी नहीं कर पाएंगे। जिसको देखते हुए गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा एवं संघ छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर ध्वनि विस्तारित यंत्रों पर नियंत्रण करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अन्य कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे संघ को यह आश्वासन दिया गया कि जल्द ही मीटिंग कर इस पर निर्णय लिया जाएगा।

# दो बाइक सहित 68 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त,पुलिस को चकमा देकर तस्कर फरार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

दो अलग-अलग बाइक से शराब की तस्करी की जा रही थी। सूचना पर रविवार की रात लखनपुर पुलिस बदगर्री चौक नहर पुलिया के पास घेराबंदी की थी। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर दोनों तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गए। वहीं दोनों बाइक से कुल 68 लीटर गोवा अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 41 हजार 8 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस तस्करों की तलाश में जुट गई है।

थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी ने बताया कि 28 जनवारी की रात को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम मुटकी की ओर से दो शराब तस्कर अलग-अलग बाइक में शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस बदगर्री चौक नहर पुलिया के पास घेराबंदी की थी। जिसकी भनक लगते ही तस्करों ने घटनास्थल से कुछ दूर पहले ही बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों बाइक की तलाशी ली तो बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 3991 से कुल 32 लीटर व बाइक क्रमांक सीजी 29 ए 5766 से 36 लीटर गोवा अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 41 हजार 8 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है।

## भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक
# आज कई बड़े नेता होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा पदाधिकारियों की सरगुजा लोकसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार अंबिकापुर में होगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल एवं भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मुख्य आतिथ्य एवं केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक बिलासपुर अमर अग्रवाल, सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य तथा भाजपा सरगुजा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता में भाजपा सरगुजा लोकसभा की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में दोपहर 12 बजे से आहूत की गयी है। बैठक में सरगुजा लोकसभा अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी भाजपा,राष्ट्रीय मोर्चा पदाधिकारी भाजपा, प्रदेश पदाधिकारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता,जिला अध्यक्ष-महामंत्री भाजपा,सांसद,पूर्व सांसद,विधायक,पूर्व विधायक,संभाग प्रभारी-सह प्रभारी जिला प्रभारी-सह प्रभारी,मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी,मोर्चा के जिला अध्यक्ष,प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक,लोकसभा के प्रभारी संयोजक,सहसंयोजक,विधानसभा के प्रभारी संयोजक आमंत्रित हैं। सरगुजा लोकसभा स्तरीय बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने समस्त अपेक्षित भाजपा पदाधिकारीयों को समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# हाथी के हमले में किसान की दर्दनाक मौत
# 10-12 किसानों के गन्ने की फसल को रौंदा

- संवाददाता -
प्रतापपुर,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के ग्राम बैकोना स्थित सौंतार व बांक नदी के बीच पिछले दो दिन से 27 हाथियों का दल डेरा मजाए हुए है। हाथियों ने किसानों के गेन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस क्षेत्र में गन्ने की फसल अधिक होने के कारण हाथी भागने का नाम नहीं ले रहे हैं। किसान फसल को बचाने के लिए हाथियों को खदेड़ने के प्रयास में लगे हुए हैं। सोमवार की सुबह एक किसान गन्ने की फसल देखने गया था और अन्य किसानों के साथ हाथियों के दल को खदेड़ने की कोशिश कर रहा था। तभी उसका एक हाथी से सामना हो गया। डर से किसान अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा लेकिन वह मेड के नीचे गिर गया। हाथी ने उसे सूड से उठाकर पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के ग्राम बैकोना के सौंतार व बांक नदी के बीच 27 हाथियों का दल रविवार की मध्य रात्रि से विचरण कर रहा है। हाथियों का यह दल किसानों की गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। अपनी गन्ने की फसल को बचाने के लिए किसान हाथियों के दल को अपने स्तर पर दूर खदेड़ने का प्रयास कर रहे थे। पर गन्ने के खेतों में मौजूद हाथियों का दल भागने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार गन्ने की फसल को बरबाद कर रहे हैं। देर रात होने के कारण किसान थक हारकर अपने-अपने क्षर चले गए। सोमवार की सुबह किसानों ने गन्ने के खेतों में डटे हुए हाथियों के दल को फिर से खदेड़ने के प्रयास में लग गए। तभी अचानक गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों के दल के एक हाथी से बैकोना के करसीहापारा निवासी शिवमंगल पैकरा 35 वर्ष पिता स्व. मोहरसाय का सामना हो गया। हाथी को सामने देखकर उसने अपनी जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया पर हड़बड़ाहट में वह नीचे गिर गया। इस दौरान हाथी ने उसे अपनी चपेट में लेते हुए सूंड से उठाकर नीचे पटक दिया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर ले गए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का दल अभी भी वहीं जमा हुआ है। लगभग 10 से 12 किसानों के गन्ने की फसल को रौंद दिए जाने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इधर वन विभाग की टीम हाथियों के दल को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं वन विभाग ने ग्रामीणों को हाथियों के समीप न जाने की समझाइश दी है। बताया जा रहा है कि मृतक किसान के पत्नी व दो बच्चे हैं। हाथी के हमले में किसान की मौत हो जाने से उसके दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। पत्नी व दोनों बच्चे बेसाहारा हो गए हैं। वहीं वन विभाग ने मृतक के परिजन को प्रारंभिक सहायाता राशि प्रदान की है। वहीं आगे मुआवजा के लिए प्रकरण वन विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है।

# सरगुजा जिला से 4 शिक्षक हुए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न 2023 से सम्मानित



- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह इससे छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक समिट 2023 का आयोजन गत किया गया। इस भव्य एवं शानदार कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ में 28 जनवरी को आयोजित हुआ। जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से लगभग 150 शिक्षको को सम्मानित किया गया साथ ही चुनिंदा शिक्षकों के कार्यों की प्रस्तुति हुई है। इस भव्य कार्यक्रम में सरगुजा जिला से शशि शर्मा प्रा शाला भदवाही विख उदयपुर,अंबिकापुर से सुष्मिता मुखर्जी लुण्ड्रा ब्लॉक से उषा जायसवाल मैनपाट से मनीष गुप्ता को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र,मेमोंटो,पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्य परियोजना कार्यालय से सहायक संचालक डॉ. एम सुधीश, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती,रायपुर जिला डीएमसी डीएस पाटले,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर से डॉ एसके जैन,एलके वर्मा एव डॉ. नवनीता सिंह सहित समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# सांई रक्तदाता समिति के द्वारा रक्तदाता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

- संवाददाता -
भटगांव,29 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

ॐ साई रक्तदाता समिति सरगुजा संभाग के द्वारा 28 जनवरी को रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर एस सिंह (चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी सूरजपुर),विशिष्ट अतिथि के रूप में तेजू राम याद (नायब तहसीलदार जरही), राजेंद्र साहू (थाना प्रभारी) डॉ. सुमन मुख़र्जी चिकित्सक एस ई सी एल भटगांव, श्रीमती मोल्लिका मुख़र्जी (प्राचार्या डी ए वी पब्लिक स्कूल भटगांव) सर्वप्रथम भारत माता तथा शहीद भगत सिंह जी एवं गोपाल सूर्यवंशी के चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वल किया गया। तथा समिति के सदस्यों के द्वारा अतिथियों का बेच एवं बूके से स्वागत किया गया ।

इस कार्यक्रम उन रक्तदाताओ का सम्मान किया गया जिन्होंने वर्ष 2023 में मरीजो को अस्पताल पहुचकर डायरेक्ट रक्तदान कर मरीजो की जीवन रक्षा रक्तदान करके मरीजो की जान बचाने में सहायक रहे है द्य इस कार्यक्रम में लगभग 100 रक्तदाताओ का सम्मान समिति के द्वारा किया गया।

समिति के मुख्य अतिथि डॉ आर एस सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ॐ साई रक्तदाता समिति के द्वारा पुरे कोविड काल में रक्तदान कर मरीजो की जीवन की रक्षा किया गया जो बड़े ही गर्व की बात ।




तेजू राम यादव नायब तहसीदार महोदय ने कहा कि हमारे इस क्षेत्र में जो रक्तदान का कार्य चल रहा है। और मरीजो की जीवन की रक्षा इस समिति के द्वारा हो रही है। यह बडे ही नेक कार्य है।

प्राचार्या मोल्लिका मुखर्जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक छोटे से क्षेत्र में इस समिति के द्वारा जो लोगो को रक्तदान कर जागरूक किया जा रहा हैं और लोगो की जीवन को बचाने में यह समिति तत्पर आगे रह रही है। जिसकी मै सराहना करती हूँ ।

डाक्टर महेश्वर सिह ने अपने उद्बोधन में रक्तदान की जानकारी दी रक्तदान करने से क्या फायदा होता है। उसकी भी जानकारी दी गयी।

समिति के अध्यक्ष भूषण प्रसाद सूर्यवंशी ने आये हुए अतीथि एवं रक्तदाताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बडी दान है। यही एक ऐसा दान होता है। जो हम अपने शरीर से जीते जीते दान कर सकते है और किसी को रक्तदान करके हम अपने आप में बडा ही गर्व महसूस करते हैं। रक्तदान सभी को नियमित रूप से करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन टेमनारायण राजवाड़े ने किया।

इस सम्मान समारोह में समिति के भूषण प्रसाद सूर्यवंशी,डाक्टर महेश्वर सिंह, जावेद अंसारी,खेमसागर साहू, गीतांजलि राजवाड़े,राजू विश्वकर्मा, इतवारी राम गढेवाल,कन्हैया दास, टेमनारायण राजवाडे, कैलाश खाण्डेराव, रामधारी राजवाडे,रवि महंत, मीना सूर्यवंशी, कौशिल्या, केदार राजवाडे,जशपाल सिंह,विकास सिंह,बिकास सोनी,पात्रो कुमार सहित शासकीय महाविद्यालय के एन एस एस छात्रो एवं प्राध्यापक का सराहनीय योगदान रहा।

## मालदीव की संसद ने चार में से केवल एक कैबिनेट सदस्य को मंजूरी दी,मुइज्जू की फिर किरकिरी



माले,29 जनवरी 2024। मालदीव की संसद ने सोमवार को चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों में से केवल एक को मंजूरी दी। मुइज्जू के खिलाफ मुख्य विपक्षी मालदीव की मुख्य विपक्षी पार्टी मालीदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने तीन-पंक्ति का रेड व्हिप जारी किया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक,संसद ने आवास मंत्री अली हैदर अहमद,इस्लामिक मंत्री मोहम्मद शहीम अली सईद और अटॉर्नी जनरल अहमद उशम को मंजूरी देने से इनकार करने के लिए मतदान किया। वहीं,आर्थिक मंत्री मोहम्मद सईद बाल-बाल बच गए। 45 वर्षीय राष्ट्रपति मुइज्जू ने कार्यभार संभालने के दो दिन बाद 20 नवंबर को अपने मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए औपचारिक अनुरोध किया था।

संसद में 18 दिसंबर को कैबिनेट पर मतदान होना था, लेकिन सरकारी निगरानी समिति की मूल रिपोर्ट को खारिज कर दिया गया। समिति की नई रिपोर्ट पर वोटिंग के लिए संसद ने रविवार को एक बैठक बुलाई, जिसे 30 दिसंबर को पारित किया गया था,लेकिन रविवार को मतदान से ठीक पहले मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया और उनके खिलाफ तीन-पंक्ति का रेड व्हिप जारी किया। एमडीपी के पास संसद में बहुमत है।

इस कदम से सरकार समर्थक और विपक्षी सांसदों के बीच झड़पें शुरू हो गई,जिससे संसदीय बैठक की कार्यवाही बाधित हो गई। लंबे समय से लंबित मतदान आखिरकार सोमवार दोपहर को हुआ और संसद ने हैदर,शहीम और उशम को खारिज कर दिया। हैदर को 46-24 वोटों से खारिज कर दिया गया। उशम को 44-24 और शहीम को 31-30 वोटों के साथ खारिज कर दिया गया। हालांकि,सईद ने 37-32 के वोट के साथ बाल-बाल बच गए।

इससे पहले एमडीपी ने राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग लाने के लिए पर्याप्त संख्या में प्रस्ताव पर हस्ताक्षर जुटा लिए हैं। मालदीव सरकार के खिलाफ वहां का विपक्ष एकजुट हो गया है। एमडीपी के साथ ही विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट भी राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग का समर्थन कर रही है।

रविवार को कैबिनेट को संसद की मंजूरी मिलनी थी,लेकिन हंगामे और सांसदों के बीच हाथापाई के चलते संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी। आज संसद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। संसद भवन के बाहर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। इस बीच विपक्ष सरकार के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एमडीपी और डेमोक्रेट पार्टी के कुल 34 सांसदों ने महाभियोग प्रस्ताव को अपना समर्थन दे दिया है।

### मुइज्जू को झेलना पड़ रहा विरोध

मोहम्मद मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। बीते दिनों लक्षद्वीप के मुद्दे पर भारत और मालदीव के रिश्तों में तनाव देखने को मिला था। मालदीव के सांसदों ने ही अपनी सरकार के भारत विरोधी रुख की आलोचना की थी। मालदीव की एमडीपी पार्टी भारत समर्थक मानी जाती है। एमडीपी आरोप है कि मुइज्जू की विदेश नीति से देश के विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। विपक्ष की मांग है कि सरकार सभी देशों के साथ मिलकर काम करे, जिससे मालदीव के लोगों को फायदा मिले।

# सफल सर्जरी के बाद वेल्स की राजकुमारी को लंदन के अस्पताल से मिली छुट्टी,कैंसर का खतरा टला

लंदन,29 जनवरी 2024 । लंदन के अस्पताल में सफल सर्जरी के बाद केट मिडलटन को छुट्टी मिल गई है। ब्रिटेन के शाही परिवार की बहू केट मिडलटन को प्रिसेज ऑफ वेल्स यानी राजघराने के तहत गिने जाने वाले वेल्स में राजकुमारी का ओहदा हासिल है। 16 जनवरी को अस्पताल में केट की पेट से जुड़ी बीमारी के कारण सर्जरी हुई। अब 29 जनवरी को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। सेहत को लेकर जारी आधिकारिक अपडेट के मुताबिक वेल्स की राजकुमारी को कैंसर होने का खतरा था, लेकिन फिलहाल इस ऑपरेशन के बाद यह चिंता टल गई है।

**16 जनवरी को सर्जरी,सेहत से जुड़ी बातें गोपनीय रखने की अपील**

लंदन के निजी अस्पताल में पेट की सर्जरी (abdominal surgery) के बाद केट मिडलटन स्वास्थ्य लाभ करने अपने घर लौट आई हैं। राजकुमारी का आधिकारिक आवास केंसिंग्टन पैलेस है। उनकी सेहत को लेकर कार्यालय की तरफ से सोमवार को बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक 16 जनवरी को सफल सर्जरी के बाद राजकुमारी की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। खराब सेहत के कारण सर्जरी के बाद बीते 17 जनवरी को केंसिंग्टन पैलेस ने बताया था कि राजकुमारी ने गोपनीयता के साथ-साथ बच्चों की भावनात्मक स्थिति का सम्मान करने की अपील की है।





### 42 साल की राजकुमारी के सभी कार्यक्रम रद्द

पैलेस की तरफ से अधिक जानकारी नहीं दी गई,लेकिन कहा गया कि सर्जरी से पहले केट को कैंसर होने का खतरा जो टल गया है। खराब सेहत और स्वास्थ्य लाभ के कारण 42 साल की राजकुमारी ने ईस्टर के बाद अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। पैलेस ने बताया कि प्रिंस विलियम और खुद राजकुमारी ने लंदन के अस्पताल की पूरी टीम,समर्पित नर्सिंग स्टाफ को स्वास्थ्य देखभाल के लिए धन्यवाद दिया है। शाही परिवार ने कहा है कि कोई बड़ी और महत्वपूर्ण जानकारी आने पर बयान जारी किया जाएगा।

### ब्रिटेन के राजा को भी करानी है सर्जरी

गौरतलब है कि ब्रिटेन के शाही परिवार में एक और सर्जरी की तैयारियां हो रही हैं। ब्रिटेन के राजा- प्रिंस चार्ल्स- तृतीय को 75 साल की आयु में बढ़े हुए प्रोस्टेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके भी तमाम कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। शाही आवास- बकिंघम पैलेस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक प्रिंस चार्ल्स-III के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। उनकी सेहत चिंताजनक नहीं है। किंग चार्ल्स की सेहत से जुड़ी चिंता साल 2008 में सामने आई थी। इसके इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उनके चेहरे से गैर-कैंसरयुक्त उभार ऑपरेशन करके हटाया था। ब्रिटेन की सरकारी स्वास्थ्य सेवा-नेशनल हेल्थ सर्विस (NHS) का मानना है कि प्रोस्टेट बढ़ने के ठोस कारणों पर फिलहाल वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के बीच आम सहमति नहीं हैं।

# बोर्ड परीक्षाओं के पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा दिलाने के दिया टिप्स

**'परीक्षा पे चर्चा' का स्कूलों में हुआ लाइव प्रसारण,मल्टीपरपज स्कूल में बच्चों के साथ कमिश्नर,आईजी और कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद,बढ़ाया बच्चों का हौसला**







**» जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्सुकता के साथ सुना प्रधानमंत्री मोदी के उपायों को...**

\- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए परीक्षा पे चर्चा की। परीक्षा पे चर्चा के सांतवे संस्करण में सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी देश की राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से पूरे देश के विद्यार्थियों से जुड़े।

अम्बिकापुर के मल्टीपरपज विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से बड़ी संख्या में जिले के विद्यार्थी,शिक्षक एवं अभिभावक जुड़े। इस दौरान सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोस्कर, लोक शिक्षण संस्थान के संयुक्त संचालक हेमन्त उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जनप्रतिनिधियों में विश्वविजय तोमर,रमेश जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिधि,जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के बाद संभागायुक्त,आईजी एवं कलेक्टर ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आज प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने के लिए बच्चों से संवाद किया गया और आज जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित में 10वीं,12वीं के बच्चों ने एकत्रित होकर प्रधानमंत्री मोदी का संवाद सुना है और पूरा विश्वास है कि तनावमुक्त होकर परीक्षा देंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा।

इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छात्रों के साथ बातचीत कर और उन्हें परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिए। देशभर के विभिन्न राज्यों से जुड़े विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा परीक्षा के दौरान होने वाली समस्याओं,कठिनाइयों के सम्बंध में प्रधानमंत्री मोदी से कई सवाल किए गए,उन्होंने सहजता के साथ सवालों के जवाब देते हुए सकारात्मक ऊर्जा के साथ निश्चिन्त होकर तनावमुक्त रहकर परीक्षा में शामिल होने के उपाय बताए।इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम में अपने पास छत्तीसगढ़ के सुकमा के सरस्वती शिशु मंदिर की कक्षा 9वी की छात्रा उमेश्वरी ओटी को बैठाया। इस दौरान कांकेर जिले के ग्राम करप स्थित पीएम नवोदय विद्यालय कांकेर के छात्र तैफुर्रहमान ने प्रधानमंत्री से परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त होने के संबंध में प्रश्न किया था,जिसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तम सुझाव देश भर के विद्यार्थियों को दिए।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चों को परीक्षा के दौरान तनाव को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना होगा। इसमें अभिभावकों, शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, तनाव के कारणों की पहचान कर उसे सुलझाने का प्रयत्न करें।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आदिवासी कंवर समाज सूरजपुर द्वारा मांदर भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया

\- संवाददाता -
सूरजपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

छ ग प्रदेश आदिवासी कंवर समाज रायपुर के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कंवर महोत्सव में सामाजिक मुखियाओं के साथ भेंट मुलाकात व स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया था।




जिस पर छत्तीसगढ़ के सभी जिले के सामाजिक पदाधिकारी द्वारा जिलेवार स्वागत सम्मान किया गया जिसमें सूरजपुर कंवर समाज के द्वारा अपनी आदिवासी संस्कृति और सबसे पुरानी वाद्य यंत्र मांदर भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा सुरजपुर के संयुक्त कलेक्टर रवि सिंह को प्रशासनिक सेवा, जिला अस्पताल सूरजपुर के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ तेरस कंवर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा , दो महिलाओं का कुआ में गिरने और भालू के जबड़े से छुड़ा कर से जान बचाने के लिए देवेंद्र पैकरा जी को वीरता पुरस्कार, और उन्नत कृषि के क्षेत्र में श्री लवकेश पैकरा नधीर पैकरा व राम प्रसाद पैकरा जी को सम्मानित किया गया और 10 वीं 12 वीं नीट मेडिकल उत्कृष्ट विद्यार्थियों में अमलेन्द्र पैकरा,तारा पैकरा,अमनदीप पैकरा अर्चना पैकरा ,पायल पैकरा,सोनल पैकरा,अंजली पैकरा,चंदा पैकरा, रागिनी पैकरा, गिरीश कुमार पैकरा को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में कंवर समाज सूरजपुर के जिलाध्यक्ष डॉ राजेश पैकरा जिला संरक्षक जेपी साय, दुरेशसाय पैकरा ,रामसाय पैकरा, अनिल कुमार पैकरा, अरजलाल पैकरा,उपाध्यक्ष अमरनाथ पैकरा व महेश्वर पैकरा सचिव रावेंद्र पैकरा कोषाध्यक्ष महेश पैकरा प्रवक्ता मोतीलाल पैकरा युवा अध्यक्ष सत्य प्रकाश पैकरा,जिला पदाधिकारीगण नंदगोपाल पैकरा,हरिकेश्वर पर नधीर पैकरा, छत्रपाल पर संजीव पैकरा,नरेश पैकरा,वंशरूप पैकरा,देवप्रसाद पैकरा,गणेश्वर पैकरा,रवि प्रसाद पैकरा,जोखन पैकरा ,हुकुम साय,धनसाय पैकरा,ठाकुर प्रसाद पैकरा ,देवासाय पैकरा डॉक्टर तेरस कंवर डॉक्टर रणविजय सिंह आरत पैकरा अंकित पैकरा महावीर प्रसाद पैकरा,देवी पैकरा,द्वारपाल पैकरा ,बलदेव पैकरा और अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# सरगुजा जिले में इन दिनों भारी वाहनों में लगे प्रेशर होर्न पर सरगुजा पुलिस की कड़ी नजर



\- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में इन दिनों भारी वाहनों में लगे प्रेशर होर्न पर सरगुजा पुलिस की कड़ी नजर है दरअसल हाई कोर्ट के निर्देशानुसार भारी वाहनों से प्रेशर है हार्न को हटाने का निर्देश जारी किया गया है इसी कड़ी में आज सरगुजा जिले के सभी थाना चौकी के माध्यम से भारी वाहनों में लगे हुए प्रेशर हार्न पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, वही चालान काटकर ड्राइवर को समझाइए भी पुलिस विभाग की ओर से दिए रहे हम बता दें कि प्रेशर हार्न की वजह से कई जगह लोग डर जाते हैं

वही कंपनी के द्वारा तय मानक पर जो हार्न लगाए गए हैं उसी का प्रयोग करने का समझाइस दे रहे हैं वही गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा बैरियर में गांधीनगर पुलिस ने भारी वाहनों के खिलाफ जांच कर लगभग कई वाहनों की चलानी कार्रवाई की गई इस दौरान ASI अनिल सिंह प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप के साथ-साथ कई पुलिसकर्मी तैनात रहे।

वही ट्रक चालकों का कहना है की भारी वाहन में प्रेशर हार्न अगर ना बजाया जाए तो लोग जल्दी सड़कों से हटते नहीं है मगर हमें मजबूरी वास हॉर्न को हटाना पड़ रहा है यातायात नियमों का पालन करना हमारी मजबूरी है।

# अंधे कत्ल का खुलासा कर चौकी खड़गवां पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

\- संवाददाता -
सूरजपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

दिनांक 26.01.2024 को ग्राम पाठकपुर निवासी सोनिया यादव ने चौकी खड़गवां में सूचना दिया कि इसका पति बुद्धेश्वर यादव दिनांक 25.01.24 को छेरता त्यौहार में खा पीकर शाम को त्यौहार मनाना है कहकर घर से निकला था जो रात तक घर वापस नहीं आया तो सोची कि गांव में किसी रिश्तेदार के घर रूक गया होगा,अगली सुबह घर से कुछ दूरी पर पति का शव तालाब के पानी में डुबा हुआ मिला। सूचना पर चौकी खड़गवां पुलिस मर्ग कायमी कर मौके पर पहुंची।




मृतक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने मामले में साक्ष्य संकलन करते हुए बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए। जांच के दौरान मृतक के द्वारा गांव के श्याम सिंह को किसी बात को लेकर अभद्र बात करने की जानकारी सामने आई जिसके बाद संदेही श्याम सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने बताया कि इसकी बहन के बारे में मृतक बार-बार अभद्र शब्दों का प्रयोग करता था जिससे तंग आकर 25 जनवरी के रात्रि में मृतक को उसके घर छोड़ने जाते समय रास्ते में तालाब पास मृतक से लड़ाई-झगड़ा करते हुए तालाब में ले जाकर पानी में डुबाकर हत्या कर दिया और साक्ष्य छुपाने के लिए उसके कपड़ों को उताकर तालाब के पानी में फेंक देना बताया। मामले में आरोपी श्याम सिंह पिता स्व. राजेश सिंह ग्राम पाठकपुर चौकी खड़गवां को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, एएसआई कृष्णा सिंह,प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव,विनय किस्पोट्टा, देवराज,आरक्षक रामाधार सिंह,राकेश सिदार,मनोज,कृष्णकांत पाण्डेय, अनिल व भगत सिंह सक्रिय रहे।

# धान खरीदी केंद्रों में किसानो के धानो की चोरी को लेकर सूरजपुर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

\- संवाददाता -
सूरजपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के धान खरीदी केंद्रों में किशानो के धानो की चोरी करने व किशानो के साथ कि जा रही अभद्रता की शिकायत को लेकर जिले के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा कांग्रेस के नेता दीपक कर ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा । ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के विभिन धान केंद्र में किशानो का धान चोरी करने की शिकायतें आ रही है,और इस सम्बंध में किशानो द्वारा विरोध करने पर धान खरीदी केंद्रों के प्रबंधक द्वारा किशानो के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है और धमकी दी जा रही है कि जहां जाना है जाओ । कुछ ऐसा ही मामला ग्राम -उमापुर ब्लॉक-रामानुजनगर का है जहां धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक द्वारा भी किशानो का धान चोरी करने की शिकायत मिली है । और ये मामला सिर्फ उमापुर धान खरीदी केंद्र का ही नही है बल्कि जिले के अधिकांश धान खरीदी केंद्र में इस तरह की हरकतें किशानो के साथ किया जा रहा है,जिससे किशान काफी परेशान है ।



एक किशान जिनका नाम धरम लाल है इन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि धान खरीदी केंद्र उमापुर में 26 दिसम्बर 2023 को 42.80 (107 बोरी) किविंटल धान बेचा है जिसका किशान कोड -TF3900360100980 है और धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक द्वारा 107 बोरी 42.80 किविंटल का तौल पत्र भी मिला है और खाते में प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा 39.20 (98 बोरी) किविंटल धान विक्रय किया गया है,शेष धान 3.60 (9 बोरी) धान को चोरी कर लिया गया है ।


CHHATTISGARH YOUTH CONGRESS
Deepak Kar
(Social Activist)
Vice President

और इस सम्बन्ध में पूछने पर प्रबंधक द्वारा किशानो के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है,इस तरह के लगभग बहुत सारे किशान है जिनके भोलेपन का फायदा धान खरीदी केंद्रों के प्रबन्धको द्वारा उठाया जा रहा है ।

दीपक कर ने किशानो के साथ हो रही इस अन्याय को रोकने के लिए समस्त धान खरीदी केंद्रों की उचित निगरानी रखकर जांच करते हुए गलत करने वालो के ऊपर कार्यवाही करने की मांग की है ताकि ऐसी हरकतों को रोका जाए ,जिससे किशानो को उनकी मेहनत का उचित और सही लाभ मिल सके ।

# पहले श्याम बाद में श्याम लेकिन बीच के प्रेम को भूले

# स्वास्थ्य मंत्री के विशेष सहायक आशुतोष पाण्डेय



### क्या सिविल सेवा आचरण नियम के तहत उचित है इस तरह एक राजनेता का गुणगान करना ?

### क्या श्यामबिहारी जायसवाल को अपने कब्जे में करने इस तरह का स्वांग रच रहे आशुतोष पाण्डेय ?

### जिनकी कार्यशैली रही हो विवादित क्या वह इस तरह के ढोंग कर बचाएंगे स्वास्थ्य मंत्री और विभाग की लाज ?

### पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय का राजनैतिक कैरियर खत्म करने वाले अधिकारी श्यामबिहारी की टीम में हुए शामिल ?

### पद और पैसे के घमंड में चूर आशुतोष पाण्डेय किसी से सीधे मुंह नही करते बात:सूत्र

### जहां हुई पोस्टिंग वहां किया विवाद...खुद को सुपर साबित करने में पीछे नही आशुतोष... यह हम नहीं उनके साथ काम करने वाले कहते हैं

### कई जगह जमीन के प्रकरण में जुड़ा है नाम...जहां-जहां पर प्रकरण है वहां-वह खुद बचने के लिए अन्य छोटे कर्मचारीयों को जेल भिजवाने में निभाई भूमिका:सूत्र

### कोरिया में जमीन फर्जीवाड़े में भी है नाम,खुद के किए गए हस्ताक्षर से मुकरे...पर छोटे कर्मचारी जेल गए

### जेल से आने के बाद छोटे कर्मचारी ही इनके खिलाफ होंगे लामबंद...फर्जी मामले में माल कमाया और छोटे कर्मचारियों को झेलना पड़ा कार्यवाही का दंश

## सोशल मीडिया पोस्ट पर तारीफ, लिखा मेरे श्याम


राज्य प्रशासनिक सेवा के बहुचर्चित अफसर और वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के विशेष सहायक के रूप में कार्यरत आशुतोष पाण्डेय ने तीन दिन पूर्व अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया जिसके बाद यह पोस्ट राजधानी में अफसरो के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है,पोस्ट में उन्होने जो लिखा है उसके अनुसार-मेरे श्याम, मेरे पहले श्याम, श्याम लाल धावड़े 2008 बैच के आईएस अधिकारी वर्तमान में कमिश्नर बस्तर हैं। जमीनी स्तर पर जाकर काम करते हैं, अवार्ड लेने की अंधी दौड़ और छद्म नवाचार से दूर श्याम सर बेसिक एडमिनिस्टेऊशन जिसमें स्वास्थ्य शिक्षा और रोजगार सम्मिलित है पर फोकस करते हैं। एनर्जेटिक फील्ड वर्क, सह्दयता, क्षेत्र की गहरी समझ और अधीनस्थों से प्रेमपूर्वक उनका हुनर पहचानकर काम निकाल लेने की कला सर को परफेक्शनीस्ट बनाती है,वर्तमान में सर नक्सल प्रभावित परिवारों को स्थायी नौकरी देने, रोजगारमूलक शिक्षा, देवगुड़ियों के संरक्षण और सामुदायिक वनाधिकारों के वितरण के जरिए बस्तर की मासूम आदिम फिजां में विश्वास और विकास का आक्सीजन का कार्य कर रहे हैं। एक आईएएस के बारे में तारीफ करना तो राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर आशुतोष पाण्डेय का समझ आता है लेकिन इसमें हास्याप्रद यह है कि वे यदि थोड़ा भी उनके नक्शे कदम पर होते तो शायद यह अफसर अपने कारनामो के कारण चर्चित और विवादित नही होते। इसके बाद आशुतोष पाण्डेय ने जो पोस्ट किया है उसके अनुसार अब बात हो जाए दूसरे श्याम की इन पंक्तियों के साथ लिखा गया है कि माननीय श्यामबिहारी जायसवाल जी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री छग शासन। महल 47 साल की उम्र,दूसरा विधायक कार्यकाल,और मंत्री पद की शपथ। अभी तो शुरूआत है मंजिल पूरा आकाश है। (उक्त पंक्तियां भविष्य में दोहराई जाएंगी) रसायन से परास्नातक मेघावी छात्र रहे माननीय जायसवाल जी स्थानीय मुद्दो की गहरी समझ रखते हैं। किसान मोर्चा और प्रदेश कार्यसमिति में बहा पसीना, सहल सुलभ और अभिमान से कोसो दूर रहनें का अंदाज मंत्रीपद के रूप में परिणामित हुआ। बेहद सरल पर काम के मामले में सख्त, उत्साह से परिपूर्ण और अपनों के लिए समर्पित युवा मंत्री जी की कार्यशैली भी उनकी ही तरह अद्भूत है। उन्होने आगे लिखा है कि वो कहते हैं ना कि आपके सोचने से परे ईश्वर आपके लिए व्यवस्था निर्मित करने के उपक्रम में संलग्न रहता है। कमिश्नर श्याम सर ने कुछ दिनों पहले मुझे मेडिकल कॉलेज जगदलपुर और मेडिकल कॉलेज कांकेर का नोडल बनाया ताकि मैं बस्तर के जनस्वास्थ्य के बेसिक प्रबंधन पर अपना सर्वोच्च योगदान दूं।

## पद और पैसे के घमंड में चूर विशेष सहायक सीधे मुंह नही करते किसी से बात

सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल कई मामलों में चर्चित रहते हैं उनकी कार्यशैली से लेकर अन्य गतिविधयां भी चर्चा का विषय है,बतलाया जाता है कि यह एक ऐसे अफसर हैं जिन्हे पद और पैसे का बहुत ही ज्यादा घमंड है जिससे कि वे अपने मातहत कर्मचारियों एवं आमजन से सीधे मुंह बात तक नही करते। एक प्रमुख विभाग के मंत्री का स्टाफ बनकर वे आगे किस प्रकार काम करेंगे यह देखने वाली बात होगी।

-रवि सिंह-
एमसीबी/कोरिया/रायपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सलाहकार राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशुतोष पाण्डेय जहां अपने अव्यवहारिक छवि के लिए प्रसिद्ध हैं वहीं वह सोशल मिडिया पर अपनी लेखनी के लिए भी प्रसिद्ध हैं। सोशल मीडिया पर उनके कई लेख आते रहते हैं वहीं अभी हाल ही में उन्होंने एक नया लेख लिखकर सोशल मिडिया पर पोस्ट किया है जिसमे उन्होंने ÷श्याम÷ नाम की महिमा का बखान किया है। उनकी लेखनी को पूरा पढ़ने के बाद पता चलेगा कि वह दो श्याम नाम के लिए यह लेख लिख गए हैं,उनके अनुसार उनके जीवन में अब तक दो श्याम आए जिनमे एक उनके वरिष्ठ अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्याम धावड़े हैं वहीं दूसरे छत्तीसगढ़ शासन के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जो मनेंद्रगढ़ विधानसभा से विधायक हैं और वर्तमान में जिनके ही आशुतोष पाण्डेय विशेष सलाहकार हैं। आशुतोष पाण्डेय के इस नए लेख मेरे जीवन के दो श्याम में उन्होंने प्रेम नाम का उल्लेख नहीं किया जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि उनके लिए पहले प्रेम नाम के ही व्यक्ति ने ही बेहतर रास्ता बनाया था जिनके साथ ही वह पहले कार्यरत थे। यह प्रेम नाम पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय का है 15 वर्षो की भाजपा सरकार में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के एक कार्यकाल में विशेष सहायक बनकर काम करने वाले राज्य प्रशासन सेवा के बहुचर्चित





अधिकारी आशुतोष पाण्डेय को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल द्वारा अपना विशेष सहायक बनाया जाना अब चर्चा का विषय बन गया है एक विवादित अधिकारी को जिम्मेदार पद पर बैठाया जाना कहीं ना कहीं संदेहो को भी जन्म देता है,अपनी कार्यशैली और कई प्रकार के कारनामो में माहिर यह अधिकारी पूर्व में भाजपा सरकार में मंत्री रहे प्रेमप्रकाश पाण्डेय के विशेष सहायक के रूप में भी काम कर चुके हैं और उस दौरान उक्त मंत्री के विभाग में जिस प्रकार की अव्यवस्था देखने को मिली थी वह किसी से छुपी



नही थी, हाल यह हो गया कि अब उक्त पूर्व मंत्री लगातार दो बार से चुनाव हारते आ रहे हैं उनका राजनैतिक भविष्य भी दांव पर लग गया है। ऐसे विवादित और अपनी कार्यशैली के कारण चर्चित अफसर का अपने सोशल मीडिया से सिविल सेवा आचरण नियमो के विपरीत जाकर मंत्री और पूर्व के अधिकारी के पक्ष में तारीफ करना भी अब चर्चा का विषय बन चुका है जानकारो का कहना है कि यह अफसर मंत्री को अपने भंवरजाल में फांसने के लिए ही इस तरह की हरकते कर रहा है जिससे कि वह सर्वे सर्वा बनकर पहले की तरह ही लंबा खेल खेल सके।

## जहां हुई पोस्टिंग वहां किया विवाद

सूत्रों की माने तो आशुतोष पांडेय की कार्यशैली शुरू से ही विवादित किस्म की रही है जहां भी उनकी पोस्टिंग रही वहां खुद को सुपर साबित करने में भी वे पीछे नही रहे और विवादों से उनका गहरा संबंध है बैकुंठपुर एसडीएम रहते हुए भी उन्होने कई लोगो को जानबूझकर परेशान कर रखा था खुद भाजपा नेताओं को उनके द्वारा निशाने पर लेकर कार्यवाही की जा रही थी। कोरिया में पदस्थापना के दौरान शासकीय जमीनों में भी हेरफेर के मामले में उनका नाम दर्ज है, सूत्र बतलाते हैं कि कुछ समय पहले ही उन्होने कोरिया जिले में आकर जमीन से जुड़े एक प्रकरण पर अपनी गवाही दी है और खुद के हस्ताक्षर को गलत बतलाकर बचने की कोशिश की है। उसी मामले में पिछले दिनों कलेक्टर कार्यालय से एक लिपिक को गिरफ्तार भी किया गया था उस दौरान भी आक्रोशित कर्मचारियों ने कहा था जिस जमीन से जुड़े मामले में अधिकारी ने स्वयं हस्ताक्षर किया था वह झूठ बोलकर बच निकला और छोटे कर्मचारी की गिरफ्तारी की गई है। अन्य जगह पर पोस्टिंग में भी उनका नाम इसी प्रकार घोटाले में जुड़ा हुआ है। अपना पुराना संबंध बतलाते हुए भले ही स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने एक दागी अफसर को विशेष सहायक जैसे जिम्मेदार पद पद बैठा दिया है लेकिन ऐसे अफसर मंत्री और विभाग का भला कभी नही कर सकते ।

## स्वास्थ्य मंत्री को करना चाहिए पुनर्विचार

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशुतोष पाण्डेय को अपना विशेष सलाहकार बनाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री को पुनः विचार करना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के एक युवा मंत्री हैं वहीं उनका राजनीतिक भविष्य भी काफी लंबा है ऐसे में ऐसे अधिकारी को जिसका पुराना कार्यकाल ही विवादित रहा हो को अपना सलाहकार बनाने को लेकर उन्हे पुनर्विचार करना चाहिए। श्याम बिहारी जायसवाल से प्रदेश सहित संभाग के लोगों को काफी उम्मीद है क्योंकि उनकी खासियत मिलनसार छवि की है और उनका मित्रवत व्यवहार ही उनकी राजनीतिक ऊंचाई का कारण है जो शायद आशुतोष पाण्डेय जैसे अधिकारियों की वजह से प्रभावित होगी।

## मेरा मोबाईल स्क्रीन पर माननीय श्यामबिहारी जी नंबर फलैश कर रहा था,ऐसा भी लिखा आशुतोष पाण्डेय ने

काम शुरू किया ही था कि नये साल की शुरूआत का समय आया मैं अपने परिवार के साथ गोपालपुर में सूकून के निजी पल तलाश रहा था तभी मेरे जीवन मे एक अभूतपूर्व घटना हुई। मेरा मोबाईल स्क्रीन माननीय श्यामबिहारी जी नंबर फलैश कर रहा था, माननीय विधायक जी माननीय स्वास्थ्य मंत्री बन चुके थे उन्होनें मुझसे कहा आप अतिशीघ्र मिलिए मैं आपको अपना विशेष सहायक नियुक्त करना चाहता हूं। मुझे एक दशक पहले का समय याद आया जब मैं मनेंद्रगढ एसडीएम था और माननीय जनपद उपाध्यक्ष थे। बीच में कभी कभार मिलना हुआ सौजन्य बातचीत हुई लेकिन उनकी इस सदशयता और मुझे अपनी टीम में रखने के दृढ़ निश्चय ने मुझे विस्मृत किया और उनका फैन भी बना लिया। आगे उन्होने लिखा है कि ईश्वर ने मुझे दो श्याम से मिलाया, अब एक ही लक्ष्य है पहले श्याम से कर्तव्यनिष्ठा और सेवा की भावना जो बस्तर में सीखी है उसे दूसरे श्याम के लिए निछावर करूं और माननीय मंत्रीजी की भावना अनुरूप प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आसमान की ऊंचाईयों पर ले जाने में अपना बहुत छोटा ही सही किंतु वो सहयोग करूं जो गिलहरी ने राम सेतु बनाने के लिए प्रभु श्रीरामचंद्र का किया था।

## इतनी तारिफ के मायने क्या ?

इस चर्चित राज्य प्रशासनिक अधिकारी ने इससे पहले आईएएस श्याम धावड़े की तारीफ कभी नही की थी लेकिन मौका मिलते ही श्री धावड़े को आगे रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री को साधने के लिए किया गया पोस्ट चर्चा का विषय बन गया है। विशेष सहायक आशुतोष पाण्डेय की कार्यशैली से परिचित लोग इस पोस्ट को लेकर भी बड़े खेल की बात कह रहे हैं। तो वहीं यदि सिविल सेवा आचरण नियम के तहत एक प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा इस प्रकार का पोस्ट भी एकदम गलत है।

## आखिर प्रेमप्रकाश पांडेय को क्यों भूले आशुतोष ?

पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मंत्री रहे प्रेमप्रकाश पाण्डेय लगातार दो बार से हार का सामना कर रहे हैं उसमें भी आशुतोष पाण्डेय जैसे सहायकों की भूमिका प्रमुख मानी जाती है। प्रेमप्रकाश पाण्डेय जब राजस्व और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री थे तब आशुतोष पाण्डेय उनके ओएसडी थे इस दौरान राजस्व अमले से लेकर उच्च शिक्षा विभाग के प्राध्यापक अपने स्थनांतरण आदि को लेकर आर्थिक रूप से काफी परेशान थे आशुतोष पाण्डेय के ओएसडी रहते प्रदेश में हजारों की संख्या में पटवारियों से लेकर राजस्व निरीक्षकों, नायब तहसीलदार, तहसीलदारों के स्थानांतरण हुए थे उसमें भारी आर्थिक लेनदेन की बात भी सामने आई थी। ओएसडी आशुतोष पाण्डेय की छवि स्वच्छ,सरल और ईमानदार अफसर के रूप में नही है उन्होने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आईएएस श्याम धावड़े और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की तारीफ की है लेकिन लंबे समय तक वे पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के साथ थे पर उनके बारे में एक भी लाईन नही लिखा जो कि अनेक संदेहो को जन्म देता है। बतलाया जाता है कि राजस्व मंत्री के ओएसडी रहते हुए उक्त अधिकारी द्वारा कई राजस्व कर्मचारियों को जानबूझकर परेशान भी किया जाता था यह उनकी कार्यशैली में शामिल है जिससे कि लोगो का कहना है कि अब स्वास्थ्य विभाग में भी कर्मचारियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# कोरिया ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट का समापन,महिला वर्ग में आफरीन, बालक वर्ग में ईजान्स अंडर 11 में यशिका चैम्पियन

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ से सम्बद्ध कोरिया ज़िला शतरंज संघ बैकुण्ठपुर के तत्वावधान में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित एक दिनी कोरिया ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह जी करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया, साथ ही अपेक्षा किया कि आने वाले दिनों में हमारे ज़िला से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल कर देश एवं प्रदेश का मान बढ़ाएंगे उन्होंने पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकर सुवन मिश्रा एवं आर पी गौतम मंच पर उपस्थिति रहे, उल्लेखनीय है दूसरी बार आयोजित कोरिया ओपन रैपिड शतरंज स्पर्धा में कुल 37 बाल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया अंतरराष्ट्रीय स्विस लीग पद्धति से आयोजित उक्त स्पर्धा 5 चक्रों में सम्पन्न हुआ, अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे।



पुरस्कार वितरण समापन समारोह मुख्य अतिथि कन्या उ मा वि के प्राचार्य ए एल गुप्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेन्द्र सिंह दद्दा विशिष्ट अतिथि शंकर सुवन मिश्रा के करकमलों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को लगभग 10 हज़ार के नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। उदबोधन के दौरान मुख्य अतिथि माननीय ए एल गुप्ता ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए सभी प्रतियोगियो का मनोबल बढ़ाया , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय राजेन्द्र सिंह दद्दा ने शतरंज खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस खेल के अनगिनत लाभ गिनाये और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया, अंत मे विजेता खिलाड़ियों नगद पुरस्कार, ट्राफी,और मेडल देकर सम्मानित किया गया,प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन करवाने में अम्बिकापुर के शेष रतन जायसवाल नेशनल ऑर्बिटर, बैकुण्ठपुर की नेशनल आर्बिटर मिस अंजुम का सराहनीय योगदान रहा, प्रतियोगिता के संचालक अब्दुल शमीम के साथ आनंद तिवारी, डॉ विजय जांगड़े, शिवहरी, असग़र इमाम, राशिद, अजय गुप्ता,मुर्शिद, शगुफ्ता खानम, अनीस फातिमा खान, दिव्या गुप्ता का भरपूर एवं सराहनीय योगदान रहा।

### महिला वर्ग में...

प्रथम, आफरीन
द्वितीय, सबीना बेग़म
तृतीय, फरहीन
चतुर्थ, पूजा
पंचम,गरिमा गुप्ता
छठवाँ, आराध्या

### बालक वर्ग में...

प्रथम ,इजनान्स गुप्ता
द्वितीय, श्रेयांस मिश्रा
तृतीय, रोहन गुप्ता,
चतुर्थ ईशान अहमद,
पंचम, आयुष्मान साहू

### अंडर 11 आयु वर्ग में...

प्रथम यशिका,
द्वितीय अनीस रजा,
तृतीय प्रांजल बड़ेरिया,
चतुर्थ हृदयांश,
पंचम अजवद खान

**प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी गोंगपा:तुलेश्वर सिंह मरकाम**

# कोरिया पहुंचे गोंगपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम

-संवाददाता-
कोरिया,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

पटना में सम्मान समारोह का आयोजन कर गोंगपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम , राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह कमरो का भव्य स्वागत सम्मान गोंगपा एवं बीएसपी के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर किया गया।पटना पहुंचे गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह कमरो का सरपंच गायत्री सिंह के नेतृत्व में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रमेश टेकाम, ब्लाक अध्यक्ष गोरेलाल सिंह, जिला संगठन मंत्री महेन्द्र सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष जवाहर यादव, जिला को अध्यक्ष शिव कुमार यादव, रामगोपाल मरकाम, अरविन्द सिंह सहित गोंगपा के पदाधिकारियों,



सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात पार्टी के संस्थापक स्व. दादा हिरा सिंह मरकाम के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर अतिथियों के द्वारा पुष्पांजली अर्पित करते हुए फीता काट कर पार्टी के ब्लाक कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि प्रदेश के सभी सीटों पर पार्टी लोक सभा का चुनाव लड़ेगी जिसकी तैयारियों में आप सभी अभी से ही जुट जायें, आपके क्षेत्र की कोई भी समस्या हो, परेशानी हो उसकी जानकारी मुझे दें मैं सभी की समस्याऐं एवं जनहित के कार्यो को पूरा कराने में कभी पीछे नहीं हटूंगा।

आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष कुलदीप प्रजापति, प्रदेश महासचिव डीएल भास्कर, संभागीय महामंत्री राजा गीतगार सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल कमरो, बहुजन समाज के जिलाध्यक्ष रामनारायण साहू, संजय कर्रे, सूरज सूर्यवंशी सहित काफी संख्या में गोंगपा एवं बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

# वन विभाग प्रतापपुर नहीं दे पा रहा वन्य प्राणियों को संरक्षण

## करंट लगाकर किया गया हाथी का शिकार फिर हाथी के शव को काटकर किया गया अलग-अलग जगह दफन









## 10 आरोपी में 4 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर विकासखंड में जंगली हाथियों का शिकार सहित वन प्राणियों का संरक्षण वन विभाग के अधिकारी ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे हैं तथा जानवरों के नाम से खाना पूर्ति करते हुए करोड़ों रुपए शासन से हजम किया जा रहा हैं वन विभाग के अधिकारियों को यह भी नहीं मालूम की हाथी कहां और किस दिशा की ओर है उसके बावजूद भी ग्रामीण किस कदर हाथियों को मौत के घाट उतार दे रहे हैं यह कोई नई घटना नहीं है। घूई रामकोला, परिक्षेत्र का यह दिल दहला देने वाला मामला सामने आने के बाद में वहीं शासन प्रशासन व वन विभाग के आला अधिकारियों के होश उड़े हुए हैं।

आज तड़के मिले खबर के अनुसार ग्राम गिरिया वन परिक्षेत्र घुई रामकोला के जंगल में लगभग 45 दिवस पूर्व पीएफ 244 में जंगली जानवर के शिकार के लिए विद्युत तार करंट लगाकर मादा हाथी की करंट लगा देने की वजह से मौत हो गई थी जिसमें लगभग 8 से 10 आरोपी होने का अंदेशा है सभी आरोपी ग्राम भूरिया के निवासी हैं आरोपियों ने मृत मादा हाथी को 12 अलग-अलग टुकड़े में टांगी से कटकर अलग-अलग 12 जगह पर हाथी के टुकड़े को जंगल में ही दफन कर दिया गया था। लगभग एक माह गांव के ही कुछ लोगों ने बड़े-बड़े गड्ढे में हाथी के टुकड़ा का खबर वन विभाग को दिया तथा मुखबिर के सूचना के अनुसार यह पता चला कि गांव के ही कुछ लोग करंट से हाथी को मार कर 12 टुकड़ों में काटकर अलग-अलग 12 जगह में हाथी के शव को दफना दिए हैं तथा मुख वीरों की सूचना अनुसार स्थलों का पहचान करने के बाद वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज युक्त स्थान का मुएना करते हुए मृत हाथी के शव को अलग-अलग जगह से बाहर निकल गया। जिसमें चार लोगों को वन विभाग में हिरासत में लेते हुए पूछताछ प्रारंभ किया है हाथी को मौत के घाट उतारने में नरेंद्र सिंह, जानू, चंद्र चौथा आरोपी माधव गिरफ्तार कर आरोपियों से कड़ी पूछताछ हिरासत में लेते हुए की जा रही है बाकी आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं पकड़े गए चारों आरोपी ने मामला का खुलासा करते हुए बताया कि इसमें काफी संख्या में लोग शिकार के दौरान हाथी की मौत हो गई थी जिनको डर के मारे जंगल में अलग-अलग जगह हाथी के शव को काटकर 12 टुकड़ों में 12 जगह दफन कर दिया गया। लगातार हाथी की मौत और वन प्राणियों का शिकार करने के फिराक से लगातार वन प्राणियों की हत्या की जा रही है वही वन विभाग के सुदूर वनांचल क्षेत्र जो की प्रतापपुर क्षेत्र के अंतिम सीमा में होने के कारण अधिकारियों का चारागाह का अड्डा बना हुआ है जिले के बड़े अधिकारी निरंतर जांच नहीं करने के वजह से वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के वजह से ही लगातार हाथियों की निरिसंश हत्या हो रही है।

## ब्लेड से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



जिले के मानिकपुर क्षेत्र में एक युवक ने आपसी विवाद पर दूसरे व्यक्ति पर ब्लेड से हमला कर दिया जिससे चोटिल व्यक्ति घायल हो गया । मामले की सूचना मानिकपुर पुलिस को लगते ही पुलिस ने ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम संजय सोनवानी उर्फ छोटा चेतन बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार बीते शनिवार को आरोपी ने विवाद के बाद कन्हैया रात्रे नाम के शख्स पर ब्लेड से हमला कर फरार हो गया था । दरअसल, मानिकपुर चौकी अंतर्गत मुड़ापार स्थित आनंदम विहार अपार्टमेंट के पास शनिवार की शाम ब्लेड से हमला करने का मामला सामने आया था। जहां आरोपी संजय सोनवानी और कन्हैया रात्रे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गाली-गलौज करने लगे और हाथापाई तक उतर आए। इसी दौरान कन्हैया ने विवाद के दौरान संजय सोनवानी को चेहरे को दांतों से काट दिया। इसके बाद गुस्साए संजय सोनवानी ने कन्हैया पर ब्लेड से हमला कर दिया। आरोपी ने गुस्से में एक-दो नहीं बल्कि 12 बार ब्लेड से वार किया, जिससे कन्हैया गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद राहगीरों की मदद से कन्हैया को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। कन्हैया रात्रे ऑटो पार्ट्स की दुकान पर रिपेयरिंग का काम करता है। घायल कन्हैया के चेहरे व गले पर ब्लेड से कई जख्म हुए हैं। घायल व्यक्ति जब चीख-पुकार मचाने लगा तब आरोपी मौका देखकर फरार हो गया था। कन्हैया रात्रे की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी की पतासाजी के लिए मुखबिर लगाए थे। इस मामले के बाद आरोपी संजय सोनवानी उर्फ छोटा चेतन घटना के बाद से फरार था। आरोपी घटना को अंजाम देकर दीपका स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर रूका हुआ था, जहां मानिकपुर चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि आरोपी संजय सोनवानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने नववर्ष मिलन एवं मंत्री लखनलाल देवांगन के अभिनंदन समारोह का किया आयोजन



-संवाददाता-
कोरबा,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के सियान सदन घंटाघर में छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन नववर्ष मिलन समारोह एवं वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन जी का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन , अति विशिष्ठ अतिथि में सोनू भाटिया, जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भाजपा कोरबा, डॉ विवेक रंजन महतो (वरिष्ठ दंत चिकित्सक), संतोष रॉय संयोजक आरटीआई प्रकोष्ठ भाजपा कोरबा शामिल रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ. गिरीश केशकर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात एसोसिएशन के शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने गीतों एवं स्वरचित कविता की प्रस्तुति देकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष डॉ गिरीश केशकर ने कोरबा जिले में शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं को कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के समक्ष प्रधान पाठक प्रा. शा. के पद पर पदोन्नति से वंचित 210 सहायक शिक्षकों की पदोन्नति, पदोन्नत सभी प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों को 14 अक्टूबर 2022 से पदोन्नत पद के वेतन की एरियर्स राशि देने, जिले में कोई भी विद्यालय एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन नहीं रखने, जीआईएफ पासबुक का संधारण, शिक्षकों के लिए आवास सहित कई प्रमुख समस्याओं को रखा । जिस पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने त्वरित रूप से जिला शिक्षा अधिकारी से फोन पर एसोसिएशन के ज्ञापन में दर्शित समस्याओं का समाधान करने निर्देशित किया वहीं, अपने उद्बोधन में शिक्षकों से कहा कि शासन शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं के प्रति गंभीर है, जल्द ही समस्याओं का निराकरण होगा। शिक्षकों की मांगों एवं समस्याओं को कैबिनेट की बैठक में भी रखने की बात कही। कार्यक्रम के अंत मे छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन जी सहित सभी अतिथियों का फूलों की महामाला से अभिनंदन किया ।

## हाथी ने युवक की कुचलकर ली जान

-संवाददाता-
प्रतापपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



प्रतापपुर सोमवार की सुबह लगभग सात बजे के आसपास क्षेत्र में विचरण कर रहे जंगली हाथियों के दल के एक हाथी ने एक 35 वर्षीय युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर लेकर पहुंचे। इससे पहले की घायल युवक को उपचार मिल पाता उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी व तीन नाबालिग बच्चे भी हैं जो अब पिता की असमय ही मौत हो जाने के कारण बेसहारा हो गए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का दल अभी भी वहीं जमा हुआ है और लगभग दस से बारह किसानों के गन्ने की लाखों रुपए की फसल को खाकर चौपट कर चुका है। इधर वन विभाग की टीम हाथियों के दल को जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास में लगी हुई है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग मृतक से संबंधित जरुरी औपचारिकताएं पूरी करने में लगा हुआ था। दल किसानों की गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। अपनी गन्ने की फसल को बचाने के लिए किसान रात से ही हाथियों के दल को अपने स्तर पर दूर खदेड़ने का प्रयास कर रहेथे। पर गन्ने के खेतों में मौजूद हाथियों का दल टस से मस नहीं हो रहा था और लगातार गन्ने की फसल को बरबाद कर रहा था। आखिरकार किसान थक हार कर अपने घरों को लौट गए। सुबह होने पर किसान गन्ने के खेतों में डटे हुए हाथियों के दल को फिर से खदेड़ने के प्रयास में लग गए। तभी अचानक गन्ने के खेत में मौजूद हाथियों के दल के एक हाथी से बैकोना के करसीहापारा निवासी शिवमंगल पैकरा 35 वर्ष पिता स्व.मोहरसाय का सामना हो गया। हाथी को सामने देखकर उसने अपनी जान बचाने के लिए भागने का प्रयास किया पर हड़बड़ाहट में वह नीचे गिर गया जिसके बाद हाथी ने उसे अपनी चपेट में लेते हुए सूंड से उठाकर नीचे पटक दिया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही आनन फानन में सौतार निवासी भाजपा नेता थउला राम अन्य ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर लेकर पहुंचे। इससे पहले की घायल युवक को उपचार से पहले मौत हो चुकी थी।



## राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के गरिमामयी पावन अवसर पर प्रथम बार एस.जी.एफ.आई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा आयोजित 67 वें अखिल भारतीय स्कूल खेल-कूद अंतर्गत जिला सूरजपुर के कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर गौरवान्वित किया। जिन्हे गणतंत्र दिवस के समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें कु. सोनिया दास 1500, 3000 मीटर दौड़ एवं क्रास कंट्री में 02 स्वर्ण एवं रजत पदक कु.माही दास कुश्ती,अंकुश कुमार,दिगम्बर राजवाडे,ईशान्त राजवाड़े,जवाहर लाल राजवाड़े,शुभम विश्वकर्मा, रोहन राजवाड़े,फुटबाल,कैलाश कुमार तलवारबाजी में कांस्य पदक प्रिंस दुबे बॉलीबाल,विशाल साहू, दीपक कुमार ताईक्वांडो,अभिज्ञान यादव तिरंदाजी, हिमांशु सिंह, त्रिकूद तथा मनीष गुप्ता ने कुश्ती में भाग लेकर जिले व छ.ग. राज्य को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर रविन्द्र सिंह देव (सहायक संचालक),शरदेन्दु कुमार शुक्ल (सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी), शीला मजूदार, सुनैना जायसवाल, रविन्द्र सिंह, सुरेश कुमार,संजय सिदार,समेत समस्त अधिकारी कर्मचारी,गणमान्य नागरिक स्कूली छात्र, छात्राएं एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## खड़गवां ग्राम पंचायत में सिर्फ दुकान निर्माण के लिए ही है राशि

### मूलभूत सुविधाओं के लिए खड़गवां ग्राम पंचायत दूसरी योजनाओं पर आश्रित क्यों है ?



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,29 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

करोड़ो रुपए की लागत से ग्राम पंचायत में सिर्फ और सिर्फ दुकान बनाई जा रही है कहीं पर दूसरी योजना के तहत होने वाले निर्माण कार्य के लिए जगह नहीं बच रही है। और स्थानीय ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं सरपंच का सिर्फ व्यवसायिक दुकान निर्माण पर ही ध्यान है क्यों ? एम सी बी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां मुख्यालय और ग्राम पंचायत खड़गवां है जहां पर सबसे अधिक आय उसे प्राप्त होता है। ग्राम से ही विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होती है, यही वजह है कि एमसीबी जिले का खड़गवां ग्राम पंचायत एक ऐसा ग्राम पंचायत है जो सबसे अधिक आय वाले पंचायत में गिना जाता है। यहां इतना पैसा है पंचायत के पास है कि वह उस पैसे को खर्च कर विकास कार्य कर सकती है । किसी पर उसे आश्रित रहने की जरूरत नहीं है, विकास कार्य में सबसे ज्यादा यदि कोई कार्य हो रहा है तो वह है दुकान निर्माण का कार्य, हो रहा है जब खड़गवां ग्राम पंचायत द्वारा लाखों की दुकान बनाई जा सकती है पर उन व्यवसायिक दुकानदारो के लिए शौचालय एवं कचरा फेंकने की व्यवस्था नहीं कराई जा सकती है लाखों की आय वाले ग्राम पंचायत खड़गवां में इस कार्य के लिए नहीं है राशि क्या ?


**न्यायालयः- जिला न्यायाधीश, सूरजपुर,जिला सूरजपुर, (छ0ग0)**

**(पीठासीन अधिकारी-गोविन्द नारायण जांगड़े)**

विविध अपील क्र0-19/2023
पेशी दिनांक- 27/02/2024
प्रो0 नं0- 11/2024

1. श्रीमती किसमत बेवा हरिशचन्द्र, उम्र 50 वर्ष,
2. ममता पुत्री हरिशचन्द्र, उम्र 34 वर्ष,
3. मनोज आत्मज हरिशचन्द्र,उम्र 30 वर्ष,
4. बबीता पुत्री हरिशचन्द्र,उम्र 27 वर्ष,
5. बलदेव आत्मज हरिशचन्द्र, उम्र 24 वर्ष

सभी जाति पनिका, निवासी ग्राम हार्टमेन, भटगांव, थाना व तहसील, भटगांव, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) ..........................अपीलार्थीगण

प्रति,

1. मानकुंवर बेवा स्व0 रज्जन, उम्र 70 वर्ष जाति पनिका,निवासी ग्राम हार्टमेन भटगांव,थाना व तहसील भटगांव, जिला-सूरजपुर,छत्तीसगढ़।
2. मंख्य महाप्रबंधक, एस0ई0सी0एल0धनपुरी (बुढार),जिला शहडोल (म0प्र0)
3. क्षेत्रीय आयुक्त,कोयला खान भविष्य निधि संगठन,शक्तिनगर,गुप्तेश्वर,जबलपुर (म0प्र0)
2. सर्व साधारण (आम जनता)............................................उत्तरवादीगण

..........................................................................................

अपीलार्थीगण ने उत्तरवादीगण के विरूद्ध विविध अपील अन्तर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत पेश किया है तथा इस विविध अपील में सर्व साधारण आम जनता उत्तरवादी क्रमांक-04 है।

अतः उत्तरवादी क्र0-4 सर्व साधारण आम जनता को इस इश्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त विविध अपील के संबंध में कोई आपत्ती हो तो वह दिनांक-27/02/2024 को दिन के ठीक 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो, जिसे सम्यक अनुदेश दिये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे व शक्ति में हो,पेश कर करें।

यदि आप बताई गई उक्त तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का, निपटारा,आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है, या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 06/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-सूरजपुर
दिनांक- 08/01/2024

सील

(गोविन्द नारायण जांगड़े)
जिला न्यायाधीश
सूरजपुर,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**अंडर 19 विश्व कप**

# इंडिया न्यूजीलैंड का मुकाबला आज

## आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत की नजरें जीत की लय कायम रखने पर

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024।** लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत गत चैम्पियन भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो नजरें जीत की लय कायम रखने पर लगी होंगी। ग्रूप ए में शीर्ष पर रहकर सुपर सिक्स में पहुंची भारतीय टीम के लिये अच्छी बात यह है कि इसी मैदान पर अगला मैच खेलना है जहां उसने तीनों मैच जीते हैं।

वहीं न्यूजीलैंड टीम ईस्ट लंदन से आई है और उसे हालात के अनुरूप ढलना होगा। भारत ने बांग्लादेश, आयरलैंड और अमेरिका को हराया है। पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ परेशानी आई लेकिन बाकी दोनों मैचों में भारत ने शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिये हर मौके पर एक या दो बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी लेकर रन बनाये हैं। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मुशीर खान ने



लगातार अच्छी पारियां खेली है। सरफराज खान के छोटे भाई मुशीर एक शतक और एक अर्धशतक समेत सर्वोच्च रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। आदर्श सिंह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाये और अब उनका इरादा बड़ा स्कोर बनाने का होगा। सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी का आत्मविश्वास शतक के बाद बढा होगा।

कप्तान उदय सहारन ने भी अच्छी पारियां खेली हैं और वह इसे कायम रखना चाहेंगे। गेंदबाजी में बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पिछले दो मैचों में उन्होंने चार विकेट लिये। बायें हाथ के स्पिनर सॉमी पांडे अब तक आठ विकेट ले चुके हैं। न्यूजीलैंड ग्रुप डी में तीन मैचों में दो जीत के बाद दूसरे स्थान पर रहा लेकिन उसके बल्लेबाज जूझते दिखाई दिये। अफगानिस्तान के खिलाफ 91 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसे एक विकेट से जीत मिली जबकि पाकिस्तान ने उसे 10 विकेट से हराया। भारतीय बल्लेबाजों के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी बड़ा स्कोर बनाना होगा। दोनों टीमों की नजरें नेट रनरेट पर भी होंगी।

### टीमें

**भारत:-** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी

**न्यूजीलैंड :-** आस्कर जैकसन (कप्तान), मेसन क्लार्क, सैम क्लोड, जैक कमिंग, रहमान हिकमत, टॉम जोंस, जेम्स नेलसन, स्नेहित रेड्डी, मैट रोव, एवाल्ड श्रूडर, लाचलान स्टैकपोल, ओलिवर तेवतिया, एलेक्स थॉम्पसन, रियान सोरगास, ल्यूक वाटसन।

## विदित गुजराती ने रचा इतिहास

### बनें भारत के नंबर 1 शतरंज प्लेयर



**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024।** 29 वर्षीय शतरंज मास्टर विदित गुजराती ने इतिहास रच दिया है। इस मामले में उन्होंने दिग्गज विश्वनाथ आनंद को पीछे छोड़ा है। इस दौरान उन्होंने नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से चिह्नित हुआ। 2751.5 की लाइट रेटिंग के साथ, गुजराती अब दुनिया में 10 वें स्थान पर है। गुजराती ने नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को मात दिया। उनकी ये उपलब्धि प्रगनानंद के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर भारत का नया नंबर 1 बनने के कुछ ही दिनों बाद आई है। लेकिन प्रज्ञानानंद निचले क्रम में चले गए और अब तीसरे स्थान पर हैं।

टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में गुजराती की सफलता ने न केवल उन्हें भारत में टॉप स्थान पर पहुंचाया, बल्कि उन्हें वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप 10 शतरंज खिलाड़ियों में भी जगह दिलाई। ये किसी भी शतरंज खिलाड़ी के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, और ये भविष्य में विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चुनौती देने की गुजराती क्षमता का प्रतीक है।

अपनी प्रतिभा, समर्पण और हालिया उपलब्धियों के साथ, विदित गुजराती निस्संदेह शतरंज की दुनिया में देखने लायक खिलाड़ी हैं। उनका भारत में नंबर 1 स्थान पर पहुंचना और शीर्ष 10 विश्व रैंकिंग में प्रवेश करना उनकी यात्रा की शुरुआत है। दुनिया भर के शतरंज प्रेमी ये देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार करते हैं कि आने वाले वर्षों में वह क्या उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में भारत पांचवें स्थान पर खिसका




### आस्ट्रेलिया हारकर भी पहले पायदान पर

**दुबई,29 जनवरी 2024।** इंग्लैंड के हाथों हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप रैंकिंग में खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है। दक्षिण अफ्रीका से दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला ड्रॉ खेलने के बाद भारत शीर्ष पर था लेकिन पाकिस्तान को हराकर आस्ट्रेलिया शिखर पर पहुंच गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद भारत के 54 . 16 रैंकिंग अंक थे जो अब घटकर 43 . 33 हो गए हैं। आस्ट्रेलिया 55 अंक के साथ शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज के हाथों रविवार को आठ रन से मिली हार का भी उसकी रैंकिंग पर असर नहीं हुआ है। दक्षिण अफ्रीका , न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के 50 फीसदी अंक हैं और वे क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। भारत के बाद पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका हैं। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-2025 चक्र में टीम को एक जीत पर 12 अंक, ड्रॉ पर चार और टाई पर छह अंक मिलते हैं।

### अगले महीने पीसीबी के पास होगा पूर्णकालिक अध्यक्ष, मोहसिन नकवी दौड़ में सबसे आगे : सूत्र



**करांची,29 जनवरी 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि अगले महीने तक बोर्ड के पास पूर्णकालिक अध्यक्ष होगा और पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी दौड़ में सबसे आगे हैं। दिसंबर 2022 से बोर्ड का कामकाज देख रही अंतरिम समिति का काय्रकाल चार फरवरी को खत्म हो रहा है। उसके बाद पीसीबी के गवर्निंग बोर्ड का नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। पीसीबी के सूत्र ने बताया ,'' पीसीबी के पास एक नया अध्यक्ष आठ फरवरी को आम चुनाव के बाद होगा।'' पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और पीसीबी के मुख्य संरक्षक अनवर उल हक काकर ने मोहसिन नकवी को गवर्निंग बोर्ड में नामित किया है। उनके एक अन्य उम्मीदवार मुस्तफा रामदे भी इसमें हैं।

## हॉकी 5 एस पुरुष विश्व कप

## भारत ने जमैका को 13-0 से रौंदा



**मस्कट,29 जनवरी 2024।** एफआईएच हॉकी 5 एस पुरुष विश्व कप ओमान 2024 के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओमान के मस्कट में जमैका पर 13-0 से शानदार जीत हासिल की।

भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। मनिंदर सिंह (2,2) ने काफी तेजी में दो गोल किए। इसके बाद भी गति जारी रही। उत्तम सिंह (5) और मंजीत (5) ने भी एक-एक गोल कर योगदान दिया, जिससे मैच के पहले छह मिनट के भीतर भारत ने 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली।

पर्याप्त बढ़त स्थापित करने के बावजूद भारत ने लगातार हमलों के साथ जमैका पर लगातार दबाव बनाए रखा।

पवन राजभर (9) और गुरजोत सिंह (14) ने इन अवसरों का फायदा उठाया, जिससे भारत के गोलों की संख्या में इजाफा हुआ और टीम ने हाफटाइम ब्रेक में 6-0 की बढ़त हासिल की।

दूसरे हाफ में पहले जैसा ही प्रदर्शन हुआ। भारत ने गेंद पर कब्ज़ा करने पर ध्यान केंद्रित किया और आक्रामक आक्रामक रणनीति बनाए रखी। यह दृष्टिकोण प्रभावी साबित हुआ। मोहम्मद रहील (16, 27), मनदीप मोर (23, 27), मंजीत (24), और मनिंदर सिंह (28, 29) ने कई गोल किए, जिससे भारत ने 13-0 से बड़ी जीत हासिल की।

भारतीय टीम ने रविवार को अपने शुरुआती दो पूल बी मैचों में मिस्र से हारने से पहले स्विट्जरलैंड को हराया था।

हालांकि, जमैका के खिलाफ जीत ने एपआईएच हॉकी5एस विश्व कप ओमान 2024 के क्वार्टर फाइनल में उनकी जगह पक्की कर दी है, जो 30 जनवरी को खेला जाना है।



## सैफ अंडर-19 महिला चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली,29 जनवरी 2024।** अंडर-19 महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच शुक्ला दत्ता ने सोमवार को 2 से 8 फरवरी तक बांग्लादेश के ढाका में होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप-2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।भारतीय टीम 30 जनवरी 2024 को बांग्लादेश के लिए रवाना होगी

भारतीय अंडर-19 लड़कियां, जो 2021 संस्करण में उपविजेता रहीं, 2 फरवरी, को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। फिर, 4 फरवरी को गत चैंपियन बांग्लादेश और 6 फरवरी को नेपाल से भिड़ेंगी। टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें लीग राउंड के बाद शीर्ष दो टीम फाइनल में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। सभी मैच ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**भारतीय टीम:**

**गोलकीपर :** खुशी कुमारी,अनिका देवी, हेमप्रिया

**डिफेंडर :** हीना खातून, विक्षित बारा, सोनिबिया देवी, जूही सिंह, निशिमा कुमारी

**मिडफील्डर :** शिवानी टोप्पो, ललिता बोयपाई, अखिला राजन, रिवका रामजी, अरीना देवी, सिंडी रेम्रुअटपुई, मेनका देवी, शिवानी देवी, थोइबिसाना चानू तोइजाम

फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, नितु लिंडा, सुलंजना राउल, नेहा, पूजा, साहेना टीएच'

प्रमुख कोच : शुक्ला दत्ता

## मेलबर्न स्टार्स के साथ 2026-27 तक जुड़े रहेंगे मार्क्स स्टोइनिस




**केप टाउन ,29 जनवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मार्क्स स्टोइनिस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के साथ अपना अनुबंध तीन साल तक बढ़ा दिया है। यानी वो अब 2026-27 तक स्टार्स से जुड़े रहेंगे।

मार्कस स्टोइनि का मेलबर्न स्टार्स के साथ बने रहने का निर्णय सस्पेंस में था। कई क्लबों ने इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने में रुचि व्यक्त की थी।

पर्थ स्कॉर्चर्स स्टोइनिस की प्रारंभिक बीबीएल टीम थी जहां उन्होंने 2012-13 सीज़न में तीन मैच खेले थे। उन्हें फिर से अपने साथ शामिल करना चाहती थी। हालांकि, स्टोइनिस ने स्टार्स के साथ अपनी यात्रा जारी रखने का फैसला किया।स्टार्स के प्रति उनकी प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। स्टोइनिस एक बड़े रिकॉर्ड के करीब हैं जिसे केवल कुछ चुनिंदा लोग ही हासिल कर पाते हैं। वो मेलबर्न स्टार्स के लिए 100 मैच खेलने के करीब हैं। स्टार्स के पूर्व कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने पिछले सीजन में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैक्सवेल के नेतृत्व की भूमिका से हटने के साथ स्टोइनिस टीम की कप्तानी के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं।

वर्तमान में, वह दक्षिण अफ्रीकी टी20 लीग में डरबन के सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं। जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी, लखनऊ सुपर जायंट्स की सहयोगी है।

## इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जडेजा



**हैदराबाद,29 जनवरी 2024।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के चौथे दिन उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हुआ। जिसके बाद उनकी जांच हुई है, जिसकी की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।स्कैन की रिपोर्ट हैदराबाद से मुंबई के मेडिकल संस्थानों तक पहुंच चुकी है। बताया जा रहा है कि जडेजा दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं।रिपोर्ट अनुसार, लम्बी सीरीज को ध्यान में रखते हुए जडेजा को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। अगर वह बाहर बैठे तो कुलदीप यादव विशाखापट्टनम में उनकी जगह लेंगे।कोच राहुल द्रविड़ ने जडेजा की फिटनेस के बारे में जानकारी की कमी को स्वीकार करते हुए अपनी बात रखी।

द्रविड़ ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे अभी तक फिजियो से बात करने का मौका नहीं मिला है। मैं उनसे बात करूंगा और देखूंगा कि मामला क्या है।यदि जडेजा फिट नहीं होते हैं, तो कुलदीप यादव संभावित प्रतिस्थापन के रूप में उभरे हैं।

## इस डायरेक्टर ने खत्म करवाई थी दिलीप कुमार-राज कुमार की 30 साल पुरानी दुश्मनी



फिल्में देखने में जितना मजा आता है, उतनी ही दिलचस्प होती हैं इनके पीछे की कहानियां। फिल्मों की कास्टिंग के पीछे अक्सर ऐसी कहानियां छिपी रहती हैं, जो किसी को भी हैरान कर सकती हैं। ऐसी ही एक कहानी जुड़ी है 1991 में आई सुभाष घई की फिल्म सौदागर के साथ। सौदागर सुभाष घई के करियर की ही नहीं, हिंदी सिनेमा की भी लीजेंड्री फिल्मों में गिनी जाती है और इसकी वजह है इसकी स्टार कास्ट, जिसमें शामिल हैं इंडस्ट्री के दो दिग्गज- दिलीप कुमार और राज कुमार। उस दौर में फिल्म इन दोनों दिग्गजों की कास्टिंग को लेकर खूब चर्चा में रही थी, क्योंकि 1959 की फिल्म पैगाम के बाद ये दोनों कलाकार कभी साथ नहीं आये थे।

कई फिल्मकारों ने राज कुमार और दिलीप कुमार को साथ लाने की कोशिश की, मगर कभी सफल नहीं रहा। सुभाष घई ने सौदागर में दोनों को कास्ट करके उस दौर में पहाड़ तोड़ने जैसा काम किया था।

सुभाष घई ने हाल ही में समाचार एजेंसी को दिये इंटरव्यू में बताया कि कैसे इन दोनों कलाकारों को वो साथ लाये? वेटरन डायरेक्टर ने बताया कि दिलीप कुमार पहले राजी हो गये थे, क्योंकि सुभाष उनके साथ विधाता और कर्मा कर चुके थे। दिलीप साहब सुभाष घई की क्षमताओं से अच्छी तरह वाकिफ थे। दिलीप कुमार ने सुभाष घई से पूछा कि सेकंड लीड कौन निभा रहा है? उन्होंने बताया कि राज कुमार को लेने की सोच रहे हैं। दिलीप कुमार कुछ नहीं बोले और अपनी कार में बैठकर चले गये। इसके बाद सुभाष घई राज कुमार के पास गये और उन्हें कहानी सुनाई। राज साहब ने भी वही सवाल पूछा- सेकंड लीड कौन निभा रहा है?

सुभाष घई ने उन्हें बताया कि दिलीप कुमार निभा रहे हैं। राज कुमार ने चार सेकंड तक चुप्पी साधे रखी और फिर बोले- सुभाष घई की सबसे सफल फिल्मों में शामिल सौदागर में राज कुमार और दिलीप कुमार ने बचपन के दोस्तों के किरदार निभाये थे, जो बाद में दुश्मन बन जाते हैं। ये दुश्मनी इतनी गाढ़ी होती है कि दोनों गावों के बीच शांति बनाये रखने के लिए स्थायी रूप से सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है।फिल्म में विवेक मुशरान और मनीषा कोईराला के बीच लव स्टोरी दिखाई गई थी, जिन्होंने सौदागर के साथ डेब्यू किया था। फिल्म की स्टार कास्ट में जैकी श्रॉफ, मुकेश खन्ना, अमरीश पुरी, अनुपम खेर, गुलशन ग्रोवर, दीप्ति नवल, दलीप ताहिल शामिल थे।

## ब्लैक साड़ी में श्वेता तिवारी ने दिखाई हुस्न की कातिलाना अदाएं



टेलीविज़न इंडस्ट्री में कई ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से फैंस के दिलों में जगह बनाई है। इन्हीं में से एक नाम है श्वेता तिवारी का। एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर अपने खूबसूरत फोटो अपलोड करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने फिर से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की स्टाइलिश और पॉपुलर अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब हाल ही में श्वेता तिवारी ने ब्लैक साड़ी में तस्वीरें पोस्ट की हैं। श्वेता तिवारी ब्लैक साड़ी के अपने इस लुक में बला की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं और साथ ही शानदार पोज भी दे रही हैं। यूजर्स उनके इस कातिलाना अंदाज को देखकर एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरों से लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस स्टाइलिश ब्लैक साड़ी के साथ डीप नैक ब्लाउज पहनी हुई हैं. ब्लैक साड़ी में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत और बोल्ड नजर आ रही हैं। वैसे भी श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया का पारा गर्म हो जाता है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा पॉपुलर हैं और वह जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं, तो फैंस अक्सर उनके लुक पर से नजरें नही हटा पाते हैं।

## रिलीज के लिए अल्लू अर्जुन की फिल्म ने कसी कमर



अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का इंतजार फैंस लंबे समय से कर रहे हैं। पुष्पा द राइज ने देशभर के थिएटर्स में जमकर कमाई की थी। अब दर्शक फिल्म के पार्ट 2 यानी पुष्पा द रुल की राह बेसब्री से देख रहे हैं। इस बीच अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी अपडेट शेयर की है।

लॉकडाउन के बाद दिसंबर 2021 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। नतीजा ये हुआ कि अल्लू अर्जुन पैन इंडिया स्टार बन गए। यहां तक कि इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी दिया गया।

पुष्पा 2 का ट्रेलर बीते साल अल्लू अर्जुन के बर्थडे पर 8 अप्रैल को रिलीज किया गया था। जिसे फैंस का भरपूर प्यार मिला और इसके साथ ही ट्रेलर को चंद घंटों में कई मिलियन व्यूज भी मिल गए। अब अल्लू अर्जुन के चाहने वाले फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं पुष्पा 2 का प्रोडक्शन माइथ्री मूवीज के बैनर तले किया जा रहा है। 29 जनवरी को मेकर्स ने फिल्म के रिलीज की अपडेट देते हुए जानकारी दी कि पुष्पा 2 को रिलीज के लिए अब बस 200 दिन बचे हुए हैं यानी 200 दिनों बाद पुष्पा राज का थिएटर्स में राज होगा। पुष्पा द रुल का डायरेक्शन सुकुमार ने किया हैं। फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना और फहद फासिल लीड रोल में नजर आएंगे। पुष्पा द रुल का प्रोडक्शन माइथ्री मूवी मेकर्स और मुत्तमशेट्टी मीडिया मिलकर कर रही है। फिल्म 15 अगस्त 2024 को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज की जाएगी।

पुष्पा द राइज में अल्लू अर्जुन के किरदार का शुरुआती सफर दिखाया गया था। फिल्म में एक्टर लाल चंदन के तस्कर के रोल में नजर आए थे, जो धीरे- धीरे एक बड़ा स्मगलर बन जाता है। इस बीच तेजी से आगे बढ़ते पुष्पा राज के सामने कई दुश्मन आ खड़े होते हैं, जिनके साथ एक्टर पुष्पा 2 में भिड़ते हुए दिखाई देंगे।

CMYK

# अब चावल घोटाले की भी होगी जांच

## कम नहीं हो रहीं भूपेश बघेल की मुश्किलें,अब डीएमएफ और कस्टम मिलिंग घोटाले में एफआइआर दर्ज

- कोरबा जिले में डीएमएफ के पैसों का बड़े पैमाने पर बंदरबांट किया गया है...
- टेंडर्स में अफसरों को सीधे-सीधे 40 प्रतिशत रकम पहुंचाई गई है...
- भारी वित्तीय अनियमितता बरतकर शासन को नुकसान पहुंचाया गया है...



**रायपुर,29 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के समय हुए घोटालों की जांच में तेजी आई है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन पर अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मस्टम मिलिंग और डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफ) घोटाले में दो नई एफआइआर दर्ज की है। ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी- इकोनामिक आफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने आइएएस रानू साहू समेत कई आइएएस-आइपीएस का दोनों मामलों में नाम दर्ज किया है।

एफआइआर में खनिज अधिकारियों, ठेकेदारों और कई कंपनियों के मालिकों के नाम भी शामिल किए गए हैं। इससे पहले कोयला और शराब घोटाले में कांग्रेस नेताओं, सरकारी अधिकारियों समेत 106 लोगों पर अपराध दर्ज किया गया था।

प्रतिवेदन के अनुसार पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान कोरबा जिले में डीएमएफ के पैसों का बड़े पैमाने पर बंदरबांट किया गया है। इस अनियमितता में तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू समेत अनेक विभागीय अफसर भी संलिप्त पाए गए हैं। शिकायत के मुताबिक कई टेंडर्स में अफसरों को सीधे-सीधे 40 प्रतिशत रकम पहुंचाई गई है। इतना ही नहीं बल्कि एक निजी कंपनी को भी इन निविदाओं के लिए 15 से 20 प्रतिशत अलग-अलग दरों से कमीशन दिया गया है। इसी तरह प्रदेश के कई जिलों में डीएमएफ में भारी वित्तीय अनियमितता बरतकर शासन को नुकसान पहुंचाया गया है।

### कई गुना ज्यादा दामों के बिल पास किए गए

प्रतिवेदन के मुताबिक, कोरबा में तत्कालीन कलेक्टर रानू साहू के साथ अफसरों ने निविदा भरने वाले के साथ सांठ-गांठ की। डीएमएफ के पैसों से कराए जाने वाले कामों की निविदाओं के आबंटन में बिल पास कराने के लिए, सामानों के वास्तविक मूल्य से कई गुना ज्यादा दाम के बिल पास किए गए।जिन ठेकेदारों को इन अफसरों ने लाभ पहुंचाया उनमें संजय शेण्डे, अशोक कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, रिषभ सोनी और बिचौलिए मनोज कुमार द्विवेदी, रवि शर्मा, पियूष सोनी, पियूष साहू, अब्दुल, शेखर पर भी अपराध दर्ज किया गया है।

### कस्टम मिलिंग में ऐसे चला खेल

प्रवर्तन निदेशालय रिपोर्ट पर यह पाया गया कि छत्तीगसढ़ में विभिन्न राईस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआइ में जो कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता है। इस प्रकिया में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार कर प्रति क्विंटल के हिसाब से अवैध राशि की वसूली की गई एवं अपने पद का दुरूपयोग करते हुए विभिन्न शासकीय अधिकारियों द्वारा राईस मिलर्स के साथ मिलीभगत कर लाभ प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति कारित की गई।प्रीतिका पूजा को मनोज सोनी, प्रबंध संचालक मार्कफेड के जरिए रोशन चंद्राकर के द्वारा निर्देश था कि उन्हीं राईस मिलर्स के बिल का भुगतान किया जाना है जिनकी वसूली की राशि रोशन चंद्राकर को प्राप्त हुई है। किन राईस मिलर्स को भुगतान किया जाना है इसकी जानकारी संबंधित जिले के राईस मिलर्स एसोसिएशन के द्वारा मनोज सोनी के माध्यम से प्राप्त होती थी। पिछले दिनों आयकर विभाग के द्वारा की गई तलाशी की कार्रवाई से लगभग 1.06 करोड़ रुपये की नकद जब्त किए गए थे। लगभग 140 करोड़ रुपये की अवैध वसूली राईस मिलर्स से किया जाना पाया गया है।

### कस्टम मिलिंग में इन पर मामला

राइस मिलर्स के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआइ में जो कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया जाता है। उसमें व्यापक पैमाने में भ्रष्टाचार कर प्रति क्विंटल के हिसाब से अवैध राशि की वसूली मार्कफेड के तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी एवं तत्कालीन डिस्ट्रीक्ट मार्केटिंग आफिसर प्रीतिका पूजा केरकेट्टा कोरबा के द्वारा लोकसेवक के रूप में पदस्थ होते हुए अपने-अपने पद का दुरूपयोग कर, छत्तीसगढ़ स्टेट राईस मिलर्स एसोसिएशन के प्रेसीडेंट कैलाश रूंगटा, वाइस प्रेसीडेंट पारसमल चोपडा एवं कोषाध्यक्ष रोशन चन्द्राकर के साथ आपराधिक षडयंत्र किया गया। सभी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

## स्कूली पाठ्यक्रम में शमिल होंगे योग और प्राणायाम



**रायपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रदेश के स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल के साथ-साथ मौलिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने यह घोषणा राजधानी रायपुर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए की।

शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल राजधानी रायपुर के भास्कर पब्लिक स्कूल, चंगोरा भाठा और जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांठागांव के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों और उनके पालकों और उपस्थित शिक्षकगणों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने की जिम्मेदारी परिजनों से ज्यादा शिक्षकों पर होती है क्योंकि एक उम्र के बाद उनका ज्यादा वक्त स्कूल में गुजरता है। यह समझना चाहिए कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं और शिक्षक कुम्हार की तरह, जो बच्चों को एक रूप व आकार देते हैं जिससे उनके बेहतर चरित्र का निर्माण हो सके। इसीलिए सनातन धर्म में गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है।

# पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के रिश्तेदार की कंपनी का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

## राज्य में भाजपा की सरकार काबिज होने के बाद पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान विकास कार्य के नाम पर की गई गड़बड़ियों की दस्तावेजी प्रमाण के साथ शिकायत दर्ज कराई गई

- एनआरडीए ने दायर केविएट में ठेका कंपनी द्वारा याचिका दायर करने और उसकी याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला देने से पहले पक्ष रखने की मांग की



**बिलासपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** पूर्व वन,आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर के रिश्तेदार की कंपनी द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा का मामला हाई कोर्ट पहुंच गया है। नवा रायपुर में कंपनी को मिले 210 करोड़ के टेंडर को राज्य शासन ने रद कर दिया है। जिन दस्तावेजों के आधार पर ठेका कंपनी ने करोड़ों का ठेका हासिल किया था ,उसकी तकनीकी दक्षता ही पूरी नहीं की है। ठेका निरस्त करने के साथ ही राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में केविएट दायर कर दिया है। मामला अब हाई कोर्ट पहुंच गया है।वर्ष 2018 से 2023 के बीच छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार काबिज थी। इस दौरान नवा रायपुर व रायपुर के कई हिस्सो में एक हजार करोड़ से अधिक के अलग-अलग कार्यो के लिए टेंडर जारी किया गया था। टेंडर जारी करने के साथ ही ठेका कंपनी को वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया था। राज्य में भाजपा की सरकार काबिज होने के बाद पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान विकास कार्य के नाम पर की गई गड़बडि़यों की दस्तावेजी प्रमाण के साथ शिकायत दर्ज कराई गई है। दस्तावेजों की पड़ताल के बाद राज्य शासन ने जांच बैठा दिया था। नवा रायपुर में 210 करोड़ रुपये के टेंडर को राज्य शासन ने निरस्त कर दिया है। आवास एवं पर्यावरण विभाग के अलावा नवा रायपुर विकास प्राधिकरण ने रायपसुर कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (आरसीपीएल) पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। टेंडर रद करने के बाद नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) ने ठेका कंपनी के खिलाफ हाई कोर्ट में केविएट दायर किया है। एनआरडीए ने दायर केविएट में ठेका कंपनी द्वारा याचिका दायर करने और उसकी याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला देने से पहले पक्ष रखने की मांग की है। मालूम हो कि 210 करोड़ रुपये के कार्यों के टेंडर निरस्त होने के मामले में कंपनी ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। दायर केविएट में केविएटर एनआरडीए ने कहा है कि नोटिस जारी होने के बाद भी कंपनी ने अपना पक्ष नहीं रखा है। सात दिन बीतने के बाद कंपनी को दी गई समय-सीमा भी खत्म हो जाएगी। इसके बाद एनआरडीए कंपनी पर एकतरफा कार्रवाई के लिए बाध्य हो जाएगी। 18 जनवरी को सबूतों और शिकायतों के आधार पर राज्य शासन की ओर से ठेका कंपनी पर कार्रवाई की गई थी। आरोप है कि पूर्व वन,आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर के रिश्तेदार व रायपुर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी असगर अली को जिन दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों का कार्य दिया गया था। उसमें तकनीकी दक्षता ही पूरी नहीं है। रायपुर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को अब तक 120 करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका है। इसके अलावा कई और बिल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने विभाग में लगाए गए हैं। हालांकि सरकार ने कंपनी का सारा भुगतान रोक दिया है। इससे पहले भी स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर ने भी कंपनी को लाखों का भुगतान किया है।

# राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को होगा मतदान




**रायपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** देश के 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फ़रवरी को मतदान होगा। केन्द्रीय चुनाव आयोग ने आज राज्यसभा चुनाव के लिए नोटिफिक्रेशन जारी कर दिया है। आयोग के अनुसार राज्यसभा के 56 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2024 में खत्म हो जाएगा। जिन 15 राज्यों में राज्यसभा चुनाव होने हैं उनमें, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं. मालूम हो कि राज्यसभा के सदस्यों का चुनाव राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों की ओर से अप्रत्यक्ष तौर पर किया जाता है। जनवरी में ही राज्यसभा के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ओर से नामित संजय सिंह, एनडी गुप्ता और स्वाति मालीवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए थे. इन चुनावों के लिए किसी भी अन्य पार्टी ने उम्मीदवार नहीं उतारे थे. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 9 जनवरी थी जबकि नामांकन पत्रों की जांच 10 जनवरी को की गई. नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 12 जनवरी थी. सिंह, गुप्ता और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मालीवाल ने 19 जनवरी के राज्यसभा चुनावों के लिए अपना-अपना नामांकन 8 जनवरी को दाखिल किया था. ,क्क ने मालीवाल को अपना राज्यसभा उम्मीदवार नामित किया था. सिंह और गुप्ता को संसद के उच्च सदन में दूसरे कार्यकाल के लिए फ्रि से नामित किया गया है।

**राज्य व सीटों की संख्या**

आंध्र प्रदेश-3,बिहार-6,छत्तीसगढ़-1,गुजरात-4,हरियाणा- 1 हिमाचल प्रदेश- 1,कर्नाटक- 4, मध्यप्रदेश- 5, महाराष्ट्र-6,तेलंगाना 3, यूपी -10,उत्तराखंड - 1,पश्चिम बंगाल- 5, ओडिशा- 3,राजस्थान- 3।



## आईटीआई में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन एक फरवरी को

**रायपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को 01 फ़रवरी 2024 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायपुर, विधान सभा रोड, सड्डू, रायपुर में बुलाया गया है। इस हेतु संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 01:00 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

## राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग ऐप्प के जरिये कर सकते है आवेदन

**रायपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डो के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से जारी है। 29 जनवरी की स्थिति में 14 लाख राशनकार्डधारियों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। राशनकार्डो के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा दी गई। ऑनलाइन सुविधा का लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं और स्वयं अपने मोबाइल से खाद्य विभाग के एप के जरिये राशनकार्डो के नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं।



गौरतलब है कि राशनकार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है।राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# अब भारतीय जवानों को मिलेगी स्वदेशी बुलेटप्रूफ जैकेट

- बिलासपुर में तैयार हुआ बैलिस्टिक फैब्रिक प्लांट
- भारतीय सेना के जवानों को मिलेगी बुलेटप्रूफ जैकेट
- बुलेटप्रूफ जैकेट के लिए विदेश पर निर्भरता कम होगी
- नमन का दावा- गोलियां भी नहीं भेद सकती जैकेट

**बिलासपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** भारतीय सेना के जवानों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट अब छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तैयार की जाएगी। इन बुलेटप्रूफ जैकेटों के तैयार होने से विदेश पर निर्भरता कम होगी और इसका खर्च भी 30 प्रतिशत कम होगा।

### बैलिस्टिक फैब्रिक प्लांट किया तैयार

जानकारी के अनुसार, डीआरडीओ की मदद से बिलासपुर के रहने वाले नमन ने बैलिस्टिक फैब्रिक प्लांट तैयार किया है। इस बैलिस्टिक फैब्रिक प्लांट में सैनिकों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट को तैयार किया जाएगा। नमन ने ये प्लांट शहर के औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी इंडस्ट्रियल में लगाया है।



### गोलियां भी नहीं भेद सकती जैकेट

नमन ने बताया कि उन्होंने अपनी कंपनी की स्थापना साल 2020 अंत में की थी। उन्होंने अपनी कंपनी के लिए डीआरडीओ से लाइसेंस लिया। इसके बाद इस प्लांट की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि वह सबसे हल्का बुलेटप्रूफ जैकेट बनाते हैं, जो दुनिया में कहीं नहीं बनता है। इस जैकेट को 10 फीट की दूरी से चलने वाली एके-47 की गोलियां भी नहीं भेद सकती है।

### 10 साल तक खराब नहीं होती प्लेट्स

नमन ने आगे बताया कि बुलेटप्रूफ जैकेट बनाने के लिए बैलिस्टिक फैब्रिक को कंप्रेस कर प्लेट बनाई जाती है। इसका इस्तेमाल सुरक्षा बलों के जवानों को दिए जाने वाले हेलमेट, हेलिकॉप्टर, मिलिट्री व्हीकल समेत कई चीजों में होता है। उन्होंने कहा कि बैलिस्टिक फैब्रिक की बनाई गई प्लेट्स लगभग 10 साल तक खराब नहीं होती हैं। बता दें कि कोरिया, तुर्किये, इजराइल और नीदरलैंड पर बैलिस्टिक फैब्रिक की निर्भरता रही है। हालांकि, नमन के स्टार्टअप से इस निर्भरता को कम किया जा सकेगा। मार्च से इसका निर्माण बड़े पैमाने पर संभव हो पाएगा।

# मतांतरण को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत

- सीएम के बयान पर कांग्रेस का पलटवार
- कहा- श्वेत पत्र जारी करे सरकार

**रायपुर,29 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में मतांतरण और चर्च की संख्या को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने है। दोनों ही पार्टी के नेता इस मुद्दे को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। मतांतरण को लेकर दिए गए सीएम साय के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सीएम साय को चुनौती देते हुए कहा कि साय सरकार को श्वेतपत्र जारी करना चाहिए। दरअसल, रविवार को राजधानी रायपुर में हुए एक कालेज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने कहा था कि एजुकेशन और हेल्थ सेक्टर में मिशनरियों का बोल बाला है। इसका दुष्प्रभाव यह हो रहा है कि इसकी आड़ में लोग मतातंरण ज्यादा करते हैं। सीएम के इस बयान पर पलटवार करते हुए सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पूर्ववर्ती डा. रमन सिंह और भूपेश बघेल के शासन में कितने चर्च बने। कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश में एक भी चर्च नहीं बना है।

# हंगामा करने वाले सहायक शिक्षक को डीईओ ने किया सस्पेंड

**कोंडागांव,29 जनवरी 2024 (ए)।** स्कूलों में लगातार बच्चों के धार्मिक भावना से खिलवाड़ करने की शिकायतें सामने आ रही है। इसके पहले बिलासपुर में इस तरह घटना सामने आ चुकी है। ताजा मामला कोंडागांव जिले का है। जहां गणतंत्र दिवस के दिन शराब पीकर स्कूल में हंगामा और धार्मिक भावना को आहत करने वाले सहायक शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया है। कोंडागांव जिला शिक्षा अधिकारी ने इस बाबत आदेश जारी किया है। निलंबित शिक्षक का नाम प्रेम कुमार टंडन है। जांच प्रतिवेदन और वायरल आडियो पर संज्ञान लेकर डीईओ कार्र्वाई की है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केशकाल, जिला कोण्डागांव के ज्ञापन क्रमांक / 286 / अ0वि0अ0 / रीडर / 2024 केशकाल दिनांक 27.01.2024 एवं कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी फरसगांव के जांच प्रतिवेदन दिनांक 27.01.2024 एवं विडियो / आडियो वायरल के आधार पर प्रेमकुमार टंडन सहायक शिक्षक एल0बी0 प्राथमिक शाला पोलपापारा कोनगुड़ विकासखण्ड फरसगांव के द्वारा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान शराब सेवन कर धार्मिक भावना को आहत पहुंचाना एवं समाज में द्वेश फैलाना गम्भीर कदाचार के श्रेणी में आता है। आपका यह कृत्य छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 ( अ, ब, स ) एवं नियम क् क 8,11 के विपरीत है। अतएव प्रेमकुमार टंडन सहायक शिक्षक एल0बी0 प्राथमिक शाला पोलपापारा कोनगुड़ विकासखण्ड फरसगांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)